तापमान
अधिकतम 30.6 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 28 सितंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



भाटिया फ्यूल्स के द्वारा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आयोजित रास डांडिया में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह का किया गया सम्मान।

## खबर संक्षेप

### थोड़ी सी बारिश में सड़क बनी तालाब



**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा बिना प्लानिंग के किए गए निर्माण लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। करीब एक साल पहले बसस्टैंड के पास करोड़ों रूपए की लागत से नाला निर्माण किया गया है, कहा गया था कि इससे पानी भराने की समस्या से निजात मिलेगी लेकिन इसके उलट यहां हर बारिश के बाद पानी भराव की स्थिति सामने आ रही है। पानी निकलने की जगह नहीं होने के कारण लोगों को बीच सड़क पर भरे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, लोग निगम के निर्माण कार्य को कोसते दिखाई देते है।

### शाम ढलते ही छा जाता है अंधेरा



**बिलासपुर।** शहर की स्ट्रीट लाइट भगवान भरोसे है। शाम ढलते ही कई सड़कों पर अंधेरा छा जाता है। दरअसल नगर निगम द्वारा वर्तमान में 7 बजे के बाद मुख्य सड़कों की स्ट्रीट लाइट शुरू की जा रही है। रोजाना लिंक रोड, जीडीसी कालेज, आईजी तिराहा जैसी जगहों पर शाम के 6 से 7 बजे तक स्ट्रीट लाइट बंद रहती है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर एनटीपीसी अफसर से 2 करोड़ रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर एनटीपीसी अफसर से 1 करोड़ 98 लाख की आनलाइन ठगी कर ली गई। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, एनटीपीसी के अफसर कमाक्षा रथ ने रिपोर्ट लिखाई। इसके अनुसार अज्ञात मोबाइलधारक ने वाट्सएप के माध्यम से उनसे संपर्क किया। उसने यूएस के विनेज शेयर ट्रेडिंग कंपनी में निवेश करने पर घर बैठे मुनाफा कमाने का झांसा दिया। मोबाइलधारक के द्वारा लगातार वाट्सएप के माध्यम से संपर्क करने पर वे उसकी बातों में आ गए। घर बैठे मुनाफा कमाने के लालच में आकर उन्होंने यूएस की शेयर कंपनी में मोटी रकम निवेश करना शुरू कर दिया। उसके बाद मोबाइलधारक के द्वारा कई तरह के मोटी रकम




कमीशन पाने का लालच दिया गया। श्री रथ ने झांसे में आकर एक माह के भीतर 1 करोड़ 98 लाख रुपए निवेश कर दिया। उन्होंने कमीशन की मांग की तो मोबाइलधारक ने मोबाइल बंद कर लिया। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। मामले की जांच साइबर थाना के द्वारा किया जाएगा।

### दो दिन पहले 3 लोगों से 56 लाख की ठगी

ज्ञात हो कि दो दिन पहले इमलीपारा गली नम्बर 3 निवासी आईटी कंपनी के कर्मचारी जितेंद्र शर्मा शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 36 लाख रुपए की ठगी कर ली गई थी। इसी तरह नगर निगम कालोनी महाराणाप्रताप चौक निवासी गौरांग मिश्रा से 2 लाख 19 हजार व बड़ी बाजार निवासी नूतन तम्बोली से जड़ी बूटी के नाम पर 18 लाख की ठगी कर ली गई थी। पुलिस तीनों मामले में जालसाजों को नहीं पकड़ पाई है।

# बारिश होने से तेजी से घटा तापमान, मिली राहत

**बिलासपुर।** आसमान पर घने बादल छाए रहने और बारिश होने से गर्मी और उमस से राहत मिल गई है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर तेज बारिश होने की संभावना जताई है। पिछले सप्ताह तेज धूप निकल रही थी, गर्मी व उमस से लोगों की हालत खराब हो गई थी। लगातार बंद होने वाली बिजली ने लोगों की परेशानियों को और अधिक बढ़ा दिया था, परन्तु पिछले तीन चार दिनों से मौसम के तेवर बदले हुए हैं। आसमान पर घने बादल छा रहे हैं और रह रहकर बारिश भी हो रही है, इससे गर्मी और उमस से राहत मिल गई है। इधर मौसम में उतार चढ़ाव होने के कारण शहरी और ग्रामीण इलाकों में तेजी से वायरल फीवर के मरीज बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतार देखी जा रही है।




# अरपांचल लोक मंच की याचिका हाईकोर्ट से निराकृत कलेक्टर को आवेदन पर विचार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में अरपांचल लोक मंच ने विजयादशमी पर रावण दहन की अनुमति रद्द करने के प्रशासन के फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। याचिका को निराकृत करते हुए हाईकोर्ट ने कलेक्टर को निर्देश दिया है कि वह मंच के आवेदन पर विचार करते हुए फैसला ले। यह याचिका अरपांचल लोक मंच ने साइंस कॉलेज मैदान में रावण दहन की अनुमति को लेकर लगाई थी, जिसे प्रशासन ने किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया था, जिस पर लोक मंच ने भेदभाव का आरोप लगाया था। दरअसल प्रशासन ने लोक मंच को अनुमति देने से मना कर दिया था और उसी मैदान में किसी दूसरे आवेदक सिद्धार्थ भारती को अनुमति दे दी गई थी।



■ साइंस कालेज मैदान में रावण दहन करने की मांगी थी अनुमति

याचिका में अरपांचल लोक मंच की ओर से कहा गया था कि समिति की ओर से पिछले पांच साल से साइंस कॉलेज मैदान में रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कांग्रेस-भाजपा नेताओं के साथ ही सामाजिक संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। हर साल की तरह इस बार भी मंच ने 31 जुलाई 2025 को साइंस कॉलेज के प्राचार्य को आवेदन दिया था। जिस पर उन्होंने निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करने के लिए कहा। जिसके बाद जब पदाधिकारी तय प्रारूप में आवेदन करने पहुंचे, तब प्राचार्य ने कहा कि साइंस कॉलेज मैदान पर किसी सिद्धार्थ भारती नाम के युवक ने भी रावण दहन करने के लिए आवेदन दिया है। लिहाजा, उन्हें अनुमति नहीं दी जा सकती। पदाधिकारियों के विरोध और आपत्ति के बाद प्राचार्य ने उन्हें अनुमति दे दी लेकिन, यह शर्त रखा कि प्रशासन से अनुमति लेना जरूरी है। इसके बाद अरपांचल लोक मंच के पदाधिकारियों ने एसडीएम और पुलिस से भी आयोजन के लिए अनुमति मांगी थी लेकिन, प्रशासन ने उनका आवेदन निरस्त कर दिया। याचिका में प्रशासन के रवय्ये को तानाशाही और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया गया है।



## निधन

### सावित्री पांडे



**बिलासपुर।** खेड़ा निवासी सावित्री पांडे का 26 सितंबर को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम तखतपुर में किया गया। वे रामशरण पांडे की पत्नी थीं।

### डॉ. रमेश गुप्ता



**बिलासपुर।** अरविंद नगर सरकंडा बंधवापारा निवासी पूर्व पार्षद डॉ रमेश गुप्ता का निधन 27 सितंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 28 सितंबर रविवार सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विजय गुप्ता के पुत्र एवं दिनेश गुप्ता के भाई थे।

### धनीराम गुप्ता



**बिलासपुर।** मस्तूरी निवासी धनीराम गुप्ता (कुंवा वाले) का शनिवार 27 फरवरी को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 28 सितंबर रविवार की सुबह 10 बजे मस्तूरी मुक्तिधाम में होगा। वे बसंत गुप्ता, राधारमण गुप्ता, सुनील गुप्ता व राधा गुप्ता के पिता थे।

### आशा लता श्रीवास्तव



**बिलासपुर।** ई- 81 रामा लाइफ सिटी निवासी श्रीमती आशा लता श्रीवास्तव का शनिवार 27 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे बिलासपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय राम गोपाल श्रीवास्तव की पत्नी, डॉ प्रदीप श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव (राजू) व मनीष श्रीवास्तव (काजू) की माता थीं।

### पास्टर राजेश भेलवा



**बिलासपुर।** तारबहार निवासी पास्टर राजेश भेलवा का शनिवार को निधन हो गया। वे 59 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार दोपहर 3 बजे प्रभु की वाटिका जरहाभाटा सिंधी कॉलोनी में होगा । वे कविता भेलवा के पति एवं शैनी, साक्षी, अर्पित के पिता थे।

### राकेश बुनकर



**बिलासपुर।** तखतपुर के ग्राम रानी डेरा निवासी राकेश बुनकर का 35 वर्ष की आयु में 27 सितंबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम रानी डेरा में किया गया।

### हुसैनी बी



**मुंगेली।** महामाई वार्ड चुड़ी लाईन निवासी हुसैनी बी उम्र 113 वर्ष का 25 सितम्बर गुरूवार को इंतकाल हो गया। वे गुलाम मोहम्मद, शमीम मोहम्मद की अम्मी थीं। उन्हें मुस्लिम कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाज के लोग उपस्थित थे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री, डिप्टी सीएम और विधायक हुए शामिल

# शहर पहुंची सुशांत की ध्वजा यात्रा, जगह-जगह स्वागत





शनिवार को ध्वजायात्रा में शामिल केंद्रीय राज्य मंत्री, डिप्टी सीएम एवं बिल्हा व तखतपुर विधायक। नगर में यात्रा का स्वागत करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला की ध्वजायात्रा 40 गावों की यात्रा पूरी कर नवरात्रि के पांचवें दिन शहर पहुंची। लगभग 151 किलोमीटर की यात्रा के बाद शहरवासियों ने उनका जोर शोर से स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री, डिप्टी सीएम सहित जिले के विधायकों के यात्रा में शामिल होकर यात्रा में साथ चल रहे श्रद्धालुओं के उत्साह को दोगुना कर दिया।

विधायक सुशांत ने मोपका बस्ती से यात्रा प्रारंभ कर शहरी क्षेत्र के वार्डों में प्रवेश किया जहां महिलाओं और पुरुषों के समूहों ने उनका जगह जगह स्वागत किया। ध्वजा यात्रा ने मोपका चुनी सिंह तालाब से राजकिशोर नगर लिंगियाडीह चिंगराजपारा खमतराई बस्ती, बिरकोना होते हुए कोनी बस्ती का भ्रमण किया खमतराई बगदाई मंदिर में भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू डिप्टी सीएम अरुण साव बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने यात्रा की अगुवानी कर स्वागत किया और कुछ दूर तक यात्रा में साथ चले उन्होंने बगदाई मंदिर में सामूहिक आरती में भाग लिया। मंत्रियों और विधायकों की मौजूदगी ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया श्रद्धालु और कार्यकर्ताओं ने भी उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी जनक देवांगन विजयधर दीवान तिलक साहू उमेश गोरहा प्रणव शर्मा समदरिया अनिल पाण्डे मनीदास मानिकपुरी मनीष कौशिक पवन कश्यप मोनू रत्नाकर श्रीवास शैलू गोरख सीता ठाकुर लक्ष्मी सिंहा योगेश दुबे गंगा साहू भरत कश्यप त्रिदेव रजक कलम पटेल लक्ष्मी सिंहा रेखा ओम प्रकाश पाण्डे जय वाधवानी प्रीतेश सोनी कमला पुरुषोत्तम पटेल संतोष दुबे मनोरमा विजय यादव अमित मिश्रा रेखा सूर्यवंशी शैलेश देवांगन रूपाली अनिल गुप्ता दिनेश सिंह शैल भोई सुनीता साहू ऋषभ चतुर्वेदी अनमोल झा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद रहे।

### महामाया में होगा यात्रा का समापन

नवरात्रि के छठवें दिन ध्वजायात्रा कोनी से प्रारंभ होकर सेंदरी लोफन्दी पेंन्डरवा रानी गांव मदनपुर होते हुए रतनपुर महामाया तक 32 किलोमीटर की यात्रा करेगी। रतनपुर महामाया मंदिर में पूजा अर्चना कर ध्वजा यात्रा को विराम दिया जाएगा। यात्रकाल के बीच में ही रुक कर विधायक और उनके सहयोगी टीवी पर प्रसारण होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनेंगे फिर अगले गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे। महामाया दर्शन पूर्व सायं 4 बजे रतनपुर विनायक मंदिर में क्षेत्र के कार्यकर्ता एकत्रित होकर एक साथ महामाया मंदिर की ओर जाएंगे।

### वार्ड 50 में पार्षद वाधवानी ने किया स्वागत

वार्ड क्रमांक 50 में पार्षद जय वाधवानी ने अपने साथियों के साथ ध्वजा यात्रा का भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और जयकारों के बीच यात्रा का माहौल अद्भुत और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा। ध्वजा यात्रा में शामिल लोगों ने मां दुर्गा से नगर की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को नवरात्रि पर्व की आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया।

### परंपरा को रखेंगे जारी: तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर अपने क्षेत्रवासियों के साथ मिल कर देवी की आराधना करके सुशांत शुक्ला ने अनुपम मिशाल पेश किया है जो वर्षों तक याद रखा जाएगा सनातन परंपरा को पुनरुत्थान हेतु हमारे ऋषि मनीषियों ने भारत के सुदूर क्षेत्रों की दुर्गम यात्रा की है। इस परंपरा को अनवरत रखना हम सभी का कर्तव्य है।

### सनातन परंपरा उत्सवधर्मी: साव

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि सनातन परंपरा में उत्सव धर्मी है हमारी पूजा पद्धति में विभिन्न उत्सव का समावेश है जो लोगों को वर्ष भर ऊर्जा से परिपूर्ण रखती है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा नवरात्रि पर्व पर पदयात्रा के माध्यम से ध्वजा यात्रा निकलने से मुझे बेलतरा क्षेत्र के लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। जब राजनीति धर्म के अनुरूप व्यवहार करने लगे तो इसके सकारात्मक प्रभाव होते हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना जागृत होती है।



# स्पर्धा में वैजंती को प्रथम रंजीत को द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नई शिक्षा नीति के तहत समग्र शिक्षा की ओर से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत आयोजित द्विस्तरीय प्रतियोगिता कक्षा 6वीं से 8वीं व कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

छुपी प्रतिभा को उभारने विद्यालय, संकुल, क्लब संकुल, विकासखंड, जिला, प्रदेश स्तर पर गणित व विज्ञान विषय पर विद्यार्थियों से विकासखंड स्तरीय बीआरसी मुंगेली में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजित में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदवाबानी की कक्षा 11वीं की जीव विज्ञान की छात्रा वैजंती साहू ने विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान, गणित समूह में विद्यालय के रंजीत साहू 11वीं ने द्वितीय व मिडिल स्कूल के छात्र चैतन्य साहू ने विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विजेताओं को विद्यालय परिवार व शाला प्रबंधन विकास समिति ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्णकुमार नवरंग, अध्यक्ष चंद्रहास गोस्वामी, सरपंच मंजीत रात्रे, पूर्व सरपंच हीरेन्द्र जायसवाल, पंच गुलाब राजपूत, गोकुल साहू, प्रकाश खंडे, ताराचंद जांगड़े, संकुल समन्वयक पवन कश्यप, शिक्षक ब्रजेश पांडे, प्रमोद कुर्रे, सत्येंद्र तांडे, भूपेंद्र बांधी सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# लहरिया की क्षेत्र को बड़ी सौगात 6.70 करोड़ की सड़क स्वीकृत

**सीपत।** विधायक दिलीप लहरिया के प्रयास से छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग ने सीपत नवाडीह चौक से दर्राभाठा लीलागर पुल तक सड़क निर्माण के लिए 6 करोड़ 70 लाख 58 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

- अब सीपत से दर्राभाठा तक का सफर होगा आसान

लंबे समय से जर्जर स्थिति के कारण इस मार्ग से गुजरना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी समस्या बन गया था। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलते ही अब लोगों में खुशी और राहत की लहर दौड़ गई है। इस अवसर पर विधायक लहरिया ने कहा कि, मैं सदैव अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देता हूं। यह सड़क निर्माण कार्य जनता को समर्पित है। मेरा प्रयास रहेगा कि, निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ और तय समय-सीमा में पूरा हो, ताकि जनता को शीघ्र ही इसका सीधा लाभ मिल सके।



# फास्टरपुर स्कूल में मना रासेयो का स्थापना दिवस

**सेतगंगा-मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के 58वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ पूर्णिमा मिश्रा ने बताया कि, राष्ट्रीय स्वयं योजना की स्थापना 24 सितंबर 1969 को महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी के अवसर पर किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य समाज सेवा करना और समाज से जुड़े हुए सभी कार्यों में सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामबाबू मिश्र ने बताया कि, स्वामी विवेकानंद कहा करते थे कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। हमें अपने जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर उसे दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पड़ती है। इस अवसर पर प्रहलाद घिर्रे, नरेंद्र काठले, झरोखा लाल मिरी, देवेन्द्र पटेल, कविता उपाध्याय, कमलेश भास्कर सहित समस्त स्टाफ व स्वयं सेवक उपस्थित रहे। अंत में दल नायक विकास साहू ने आभार व्यक्त किया।

# सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान व पौधरोपण



**मस्तूरी।** 'स्वछता ही सेवा' पखवाड़ा अंतर्गत 'एक घंटा एक साथ' की थीम पर शनिवार को जनपद पंचायत मुख्यालय स्थानीय ग्राम पंचायत स्थित मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता को कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य द्वय दामोदर कांत, सतकली बावरे, जनपद सदस्य द्वय देवेंद्र कृष्णन, ज्वाला बंजारे, पूर्व जनपद सभापति किरण मिश्रा, मस्तूरी सरपंच सुनीता विनोद सारथी, कोसमडीह सरपंच निशा डहरिया, भाजपा नेता संतोष मिश्रा ने स्वच्छता व पर्यावरण को लेकर अपने-अपने विचार प्रकट किए। जनपद पंचायत सीईओ जेआर भगत ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता व पर्यावरण को लेकर शासन के द्वारा प्रदेश में वृहद रूप से चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के संबंध में लोगों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने अपने घर परिवार से लेकर सभी स्थलों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने में सहभागिता प्रदान करने का आह्वान किया। इसके बाद जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता को लेकर श्रमदान किया और स्वच्छता की शपथ ली। साथ ही मुक्तिधाम में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में स्वच्छग्राही समूह की महिलाओं को स्वास्थ्य जांच कार्ड, श्रम कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही स्वच्छग्राही जय भारत माता महिला समूह मस्तूरी को ई-गार्बेज रिक्शा का प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिडिल स्कूल लावर के शिक्षक डॉक्टर उमेश कुमार शर्मा एवं आभार अतिरिक्त सीईओ मिथिलेश देवांगन ने किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि विनोद सारथी, सचिव छोटेलाल निराला,दिनेश श्रीवास, गजानंद राठौर, सत्यजीत बावरे, राकेश डहरिया, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी 40 हजार के गहने पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

दिनदहाड़े सूने घर से सोने चांदी के जेवर ले उड़े चोर पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331,(4) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निगारबंद निवासी सूरज यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह 11:30 बजे उसके छोटे भाई ने फोन कर जानकारी कि, घर में चोरी हो गई है। जब उसने जाकर देखा तो पाया कि, घर में रखी पेटी का ताला तोड़कर 6 नग सोने की लॉकेट, 1 नग सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी चांदी का पायल तथा एक नग चांदी की चैन सहित कुल 40 हजार के सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। प्रार्थी की सिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331,(4) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 28 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



युवा सम्राट दुर्गा उत्सव समिति तिफरा



बंगाली दुर्गा उर्दू स्कूल मैदान रेलवे में विराजी मां दुर्गा।




हटरी चौक में विराजी आदिशक्ति।



शारदा विहार उसलापुर में विराजी माता रानी।



मां दुर्गा।



कोनी में विराजी मां दुर्गा।



व्यापार विहार में विराजी मां अंबे।



इंदु दुर्गा उत्सव समिति गांधी चौक।



अरविंद नगर बंधवापारा।

### फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया

# अंतिम दिन बालीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया के साथ झूमा शहर

भाटिया फ्यूल्स के द्वारा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया के आज अंतिम दिन बालीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया के साथ पूरा शहर झूम उठा। फिल्म अभिनेत्री नेहा ने शहरवासियों को नवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में लोगों की भीड़ और गरबा खेलती महिलाओं बच्चों को देखकर काफी खुश हुईं।

- केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा – शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र, रास डांडिया शहर का सुव्यवस्थित कार्यक्रम
- विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा – रास डांडिया को पूरे शहर का प्यार, अनुशासन और प्रतिष्ठा के बीच होता है रास डांडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

उन्होंने आयोजन समिति के प्रिंस भाटिया की तारीफ की और कहा कि बिलासपुर शहर में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग के साथ मिलकर जन जागरण अभियान का हिस्सा है। आयोजन समिति के द्वारा पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिये मदद की अपील का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में यह अच्छी पहल है।

नेहा धूपिया ने पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध कम्युनिटी पुलिसिंग के कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि लोगों के बीच जागरूकता लाने चेतना चलाया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर जिले के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के इस पहल की तारीफ करते हुए शहरवासियों से अपील की और कहा कि आप भी चेतना अभियान का हिस्सा बने, नशे को जड़ से मिटाए। बिलासपुर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा निजात अभियान नशे के विरूद्ध चलाया जा रहा अभियान बहुत ही सराहनीय प्रयास है। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि नशे से दूर रहें। नशे को ताजिंदगी नशे को न और जिदंगी को हां कहें। फिल्म अभिनेत्री की अपील से युवाओं ने जमकर तालियां बजाई।



### पंजाब बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए दिए 1.50 लाख

रास डांडिया में देर रात तक शहरवासियों ने आनंद उठाया। प्रिंस भाटिया ने मंच पर नेहा धूपिया का स्वागत किया। रास डांडिया के अंतिम दिन पंजाब के बाढ़ प्रभावित परिवारों को सहायता करने तथा बिलासपुर शहर पंजाब के साथ है का संदेश देते हुये प्रिंस भाटिया ने जिला प्रशासन को 1.50 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की है।

### प्रिंस भाटिया ने जताया आभार

तीन दिनों तक रास डांडिया में शामिल होने वाले शहरवासियों का आभार जताते हुए प्रिंस भाटिया ने कहा कि बदलते मौसम में भी शहर के लोगों ने रास डांडिया में जिस तरह से अपना उत्साह दिखाया और दूसरे दिन बारिश में भी फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया का भीड़ से भरा अद्भुत नजारा देखने को मिला। यह बिलासपुर वासियों का प्यार है और आगे भी इसी तरह माता देवी की कृपा से पारिवारिक माहौल में सभी के सहयोग से दसवें वर्ष में अगले साल रास डांडिया के आयोजन को यादगार बनाने के लिए और भव्यता से यह आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन तथा शहर के सभी लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से वे इतना बड़ा आयोजन कर पा रहे हैं। उन्होंने शहर के जन प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार जताया और कहा कि उनके मार्गदर्शन के बिना रास डांडिया का आयोजन संभव नहीं है। पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर रास डांडिया के मंच से आयोजन समिति ने नशा मुक्त अभियान चेतना पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जनहित में जारी वीडियो का प्रसारण किया गया।

### इन्होंने की शिरकत

आज रास डांडिया के अंतिम दिन केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, फील ग्रुप के डायरेक्टर प्रवीण झा, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अशोक विधानी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी, बीडीए के पूर्व अध्यक्ष अनिल टाह, भाजपा नेता व्ही. रामाराव, प्रजा राज्यम के डायरेक्टर आकाश सिंह तथा प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोनू अवस्थी, आलोक सिंह ठाकुर, सुरेंद्र छाबड़ा, धर्मेश शर्मा, अर्जुन तिवारी, पुजा मक्कड़, संजू मक्कड़, सीमा धृतेश, सीमा पाण्डेय, मुर्तुजा हुसैन डायरेक्टर एफ.एम. ग्रूप ने मां भगवती की पूजा अर्चना एवं आरती कर रास डांडिया का शुभारंभ किया। प्रिंस भाटिया ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मेयर पूजा विधानी ने रास डांडिया को प्रारंभ करने की घोषणा की।



### नेहा धूपिया ने महामाया देवी के दर्शन किए

फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया ने शहर पहुंचने के बाद आयोजन समिति के सदस्यों के साथ रतनपुर महामाया देवी में पहुंचकर पूजा अर्चना की। उन्होंने महामाया देवी से रास डांडिया के आयोजन की सफलता के लिए देवी मां से प्रार्थना की। पहली बार शहर पहुंची फिल्म अभिनेत्री को यहां आने के पूर्व किसी ने महामाया देवी की आस्था और उनकी प्रसिद्धी को लेकर जानकारी दी थी। उन्होंने प्रिंस भाटिया से महामाया देवी के दर्शन की इच्छा जताई। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के सहयोग से अभिनेत्री नेहा धूपिया ने महामाया देवी शक्तिपीठ में पूजा अर्चना की तथा मनोकामना ज्योतिकलश के दर्शन किए। उनके साथ प्रिंस भाटिया तथा अभिनेत्री की टीम के सदस्य व आयोजन समिति के सदस्य मंदिर में पूजा करने पहुंचे। आज बिलासपुर शहर को देखकर नेहा धूपिया काफी खुश रही। यहां के महामाया देवी सिद्ध शक्तिपीठ, पौराणिक पुरातत्व की जानकारी भी ली।

### देश में शक्ति की आराधना का प्रमाण हमें वेदों में मिलता है

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा है कि रास डांडिया सुव्यवस्थित कार्यक्रम है। कि नवरात्रि पर माता की पूजा का अवसर मिला। देश में शक्ति की आराधना का प्रमाण हमें वेदों में मिलता है। आज हमें नवरात्र पर संकल्प लेना है कि मानव समाज में कोई भी बेटी शोषित व पीड़ित न रहे बेटियां सुरक्षित रहें। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने रास डांडिया के आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि रास डांडिया की प्रतिष्ठा और अनुशासन के कारण ही शहर के लोग प्रिंस भाटिया के पास आते हैं और रास डांडिया के कारण ही प्रिंस भाटिया को बहुत प्यार मिल रहा है। यह हमारा हीरो है। नवरात्रि पर्व पर जनता ऐसा ही बड़ा आयोजन चाहती है जिसे फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी आयोजन समिति पूरा कर रही है। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया तथा परिवार के सदस्य एवं शहर के महिलाऐं पुरूष बच्चे शामिल हुए।

## सीवीआरयू में गरबा, बिखरी गुजरात की सांस्कृतिक छटा

सीवी रमन विश्वविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब, छत्तीसगढ़ी शोध व सृजन पीठ, छत्तीसगढ़ी संजोही, टैगोर विश्व कला व संस्कृति केंद्र, ललित कला विभाग ने रजत जयंती महोत्सव, स्वच्छता पखवाड़ा और सेवा पर्व के अवसर पर संयुक्त रूप से गरबा का आयोजन किया। इसमें प्राध्यापक, छत्तीसगढ़, गुजरात सहित अन्य राज्यों के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। यह आयोजन गुजरात व छत्तीसगढ़ राज्य से युग्म किए जाने और दोनों राज्यों की संस्कृति के आदान-प्रदान के उद्देश्य से किया गया। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि भारत अनेकता में एकता का देश है। हम अपनी विभिन्न संस्कृतियों, विभिन्न जाति, विभिन्न धर्म, भिन्न-भिन्न जीवन शैली के बाद भी एक भारत के रूप में पूरी दुनिया में आदर्श स्थापित करते हैं। कुलसचिव डा. अरविंद तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गुजरात से युग्म किया गया है। इसी क्रम में गुजरात के विशेष देवी आराधना पर्व नवरात्र के गरबा का आयोजन किया गया। इसमें गुजराती विद्यार्थियों ने पारंपरिक रूप से यह देवी आराधना के साथ गरबा किया। संकुलपति डॉ जयंती चटर्जी ने कहा कि इस पर्व में हमें देवी की शक्ति की भक्ति कैसे करनी है इसका उल्लेख मिलता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के प्रमुख डा. अभिषेक पाठक ने बताया कि इस क्लब की स्थापना का उद्देश्य एक-दूसरे को राज्यों की परंपरा से अवगत कराना है। इस अवसर पर सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष, प्राध्यापक उपस्थित रहे।





## माता शबरी कालेज में गरबे की धुन पर झूमीं छात्राएं





शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में गरबा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। प्राचार्य डॉ. के.के. भंडारी ने कहा कि "ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम से छात्राओं की प्रतिभा को निखारती हैं और परंपरा के प्रति गर्व की भावना जगती है। यह आयोजन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. शोभा महेश्वर के निर्देशन में हुआ। गरबा में प्रथम स्थान अनुषा एवं ग्रुप व नीतू महिलांगे एवं ग्रुप, द्वितीय शालिनी यादव एवं साथी, तृतीय स्थान नेहा साहू एवं ग्रुप को मिला। निर्णायक डॉ. सपना हेनरी, डॉ. पुष्पा भंडारी व डॉ. ऊषा तिवारी थीं। इस अवसर पर डॉ. सिन्हा, डॉ. शुक्ला, डॉ. ललिता, डॉ. बेला, डॉ. वंदना, दीपक शुक्ला, डॉ. आर.के. पटेल, डॉ. एस.के. पटेल, डॉ. दीपिका सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेखा, डॉ. यति पटेल एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरती सिंह ने किया।

## गरबा महोत्सव में बिखरी उल्लास की छटा



इनरव्हील क्लब ऑफ ट्रांस अरपा ने रंगारंग डांडिया, गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी सदस्य पारंपरिक एवं आकर्षक रंग–बिरंगे परिधानों में सजे–धजे नज़र आए। पूरे वातावरण में संगीत, नृत्य और उल्लास की छंटा बिखरी रही। क्लब की अध्यक्ष नीता माहेश्वरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. प्रेरणा मोहन, सुष्मित कौर, दीपाली दुआ, डॉ. प्रकृति वर्मा, सुदीप्ता, अर्चना केडिया, रचना, रीमा, प्राची, ऋचा जायसवाल और संयोगिता सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।



## राजस्व कॉलोनी की महिलाओं ने किया गरबा

शिव हनुमान मंदिर में राजस्व कॉलोनी की महिलाओं ने पारंपरिक वेश में गरबा नृत्य किया। इसके पहले देवी की पूजा कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। फिर देर रात तक गरबा का आनंद लिया गया। इस मौके पर कालोनी की महिलाएं उपस्थित थीं।

### अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में नवरात्रि के उपलक्ष्य में इस वर्ष अनुसार लक्ष्मी प्राप्ति एवं सुख समृद्धि के लिए शुद्ध तिल तेल से अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। वहीं प्रतिदिन मां लक्ष्मीजी की पूजा प्रातः 9 बजे कर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। संध्या 5 बजे आरती की जा रही है। षष्ठी के दिन कन्या पूजन किया जाएगा। दशहरे के दिन विसर्जन एवं हवन कर पूर्णाहुति की जाएगी। शास्त्रों एवं गुरुजनों के अनुसार लक्ष्मी एवं सुख समृद्धि की प्राप्ति के लिए तिल तेल को सबसे उत्तम और शुभ माना गया है।





## पारंपरिक वेश में गरबा कर बांट रहीं खुशियां

शहर में नवरात्रि श्रद्धा-भक्ति से मनाई जा रही है। पर्व के उपलक्ष्य में विविध धार्मिक आयोजन के साथ ही रास गरबा का आनंद लिया जा रहा है। महिलाएं, युवतियां पारंपरिक वेश में डांडिया कर रहीं हैं। महिलाओं का कहना है कि गरबा आपसी मिलन, सांस्कृतिक परंपरा और खुशियों को साझा करने का एक यादगार अवसर बना।

## धन गुरु दरबार में जपजी साहिब का अखंड पाठ



सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु दरबार में इछा पूरक 40 दिवसीय 5 जपजी साहेब का अखंड पाठ का शुभारंभ भाई जसकीरत सिंह ने किया। यह पाठ 24 घंटे किया जाएगा। प्रातः 5 बजे समस्त श्रद्धालुओं ने सुखमनी साहिब का भी पाठ किया। कल्याण दरबार के प्रमुख भाई जसकीरत सिंह ने विश्व कल्याण के लिए अरदास की। संतों ने सत्संग कीर्तन किया। गुरु का दीवान सजाया गया। आयोजन को सफल बनाने में दरबार के सेवादार भाई साहब मूलचंद नारवानी, सोनू लालचंदानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, दिलीप जगमलनी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, चंदू मोटवानी, नरेश मेहरचदानी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, अशोक जज्ञासी, गंगाराम सुखीजा, जगदीश जज्ञासी, विष्णु धनवानी सहित अन्य सेवादारों का सहयोग मिल रहा है।

## वसुंधरा ने कराया कन्या पूजन



नवरात्रि के अवसर पर लायंस क्लब वसुंधरा ने कन्या पूजन कराया। यह कार्यक्रम एमजेएफ संजना मिश्रा के घर पर रखा गया। 9 दिन नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है, इसके मद्देनजर नौ कन्याओं का देवी स्वरूप समझकर पूजन किया गया एवं उन्हें लाल चुनरी, मेहंदी, बिंदी, रुमाल, फल, मिठाई व स्वल्पाहार के पैकेट दिए गए। जिसमें अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, संजना मिश्रा का सहयोग रहा। वहीं सभी कन्याओं को उषा मुदलियार एवं साधना दुबे की ओर से राशि दी गई। इस मौके पर कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा, शोभा त्रिपाठी, साधना दुबे, शोभा चाहिल, सीता तिवारी की उपस्थिति रही। अंत में देवी भजन गाए गए।

## खबर संक्षेप

### आवारा मवेशी मालिकों के विरुद्ध तीन एफआईआर



**बिल्हा।** सड़क पर मवेशी छोड़ने वालों के खिलाफ लगातार सभी जगह हादसों की स्थिति बनी रहती है जहां मवेशियों की जान जा रही है एवं बेकसूर राहगीरों को भी गंभीर चोटे आ रही हैं। जिसे देखते हुए अब प्रशासन ने भी सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले भर में निगरानी दल गठित कर कार्रवाई की जा रही है। नगर पंचायत बिल्हा की संयुक्त टीम ने दो आवारा मवेशी मालिकों के खिलाफ पंचनामा कर बिल्हा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जांच करने पर पवन अग्रवाल पिता सीता राम अग्रवाल वार्ड क्रमांक 7 की जानकारी दी गई जिसके आधार पर पवन अग्रवाल के खिलाफ पंचनामा तैयार कर बिल्हा थाना में हिमांशु यादव के द्वारा लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### ज्योतिर्मयानंद महराज के नगर आगमन पर स्वागत



**लोरमी।** दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा वाले शंकराचार्य का आगमन शुक्रवार को सीता पैलेस में हुआ। इस अवसर पर मेडिकल टीम ने शंकराचार्य जी का भव्य एवं आत्मीय स्वागत कर आशीर्वाद लिया। स्वामी शंकराचार्य ने कहा कि, हमारे फार्मासिस्ट भाईयों ने निरंतर कोरोना काल में सेवाएं दी हैं, और इसके बाद भी लगातार सेवाएं दे रहे हैं। मानवता के प्रति उनका यह सेवा समर्पण अनुकरणीय है। साथ ही पर स्वामी शंकराचार्य ने मेडिकल टीम के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोरमी मेडिकल टीम के ब्लॉक अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, जीवन साहू, सचिव मुकेश कश्यप, रघुबीर साहू, संतोष साहू, तिरिथ साहू एवं मेडिकल टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### जिपं सीईओ ने किया रीपा केंद्रों का निरीक्षण



**भर्रीडांड।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे ने जिले की तीनों जनपदों के रीपा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने रीपा केंद्र बंशीताल में तेल प्रसंस्करण इकाई एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स, रीपा केंद्र डोंगरिया में दाल प्रसंस्करण इकाई एवं दोना-पत्तल निर्माण, रीपा केंद्र अड़भार में पूजा सामग्री निर्माण ईकाई एवं बारदाना निर्माण ईकाई, रीपा केंद्र बारीउमराव में फ्लाई ऐश ब्रिक्स, सीएलसी ब्लाक इकाई एवं स्टेशनरी इकाई, रीपा केंद्र पतरकोनी में फ्लाई ऐश ब्रिक्स, नमकीन इकाई एवं आऊटलेट इकाई और रीपा केंद्र धनौली में कोदो प्रसंस्करण इकाई, दोना-पत्तल निर्माण ईकाई एवं कैरी बैग ईकाई का निरीक्षण किया और केंद्रों में कार्यरत स्व सहायता समूह के सदस्यों एवं एनआरएलएम स्टाफ को कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान दुर्गा डीएमएम शंकर सोनी, तीनों जनपद के सीईओ और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गिरदावली में ड्यूटी लगाने का महिला व्याख्याताओं ने किया विरोध



**मुंगेली।** महिला व्याख्याताओं ने अपनी ड्यूटी गिरदावली में लगाने का विरोध किया है। उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर अपना नाम हटाने की मांग की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की व्याख्याताओं को 25 सितम्बर को गिरदावली कार्य के प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था, इस दौरान कई स्कूलों में ताला बंद कर शिक्षक प्रशिक्षण के लिए पहुंचे थे। गिरदावली कार्य में महिला व्याख्याताओं की ड्यूटी लगाई गई थी।, जिसका विरोध उन्होंने कलेक्टोरेट पहुंचकर किया। महिला व्याख्याताओं ने कलेक्टर के नाम अतिरिक्त कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपकर गिरदावली ड्यूटी से नाम हटाने की मांग की है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने बताया कि, कलेक्टर से इस संबंध में चर्चा कर महिला व्याख्याताओं को गिरदावली कार्य से मुक्त किया गया है।

### पूर्व में गठित जांच टीम के प्रतिवेदन पर अब तक कार्वाई नहीं

# अवैध प्लॉटिंग के लिए बेधड़क काटे जा रहे सागौन के पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

52 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर वन विभाग के द्वारा सागौन के पेड़ लगाए गए हैं, लेकिन अवैध प्लॉटिंग करने वाले भू-माफियाओं के लिए यह भूमि चरागाह बन गई है। विभिन्न शासकीय विभाग में समन्वय ना होने का भू-माफिया और लकड़ी तस्कर जमकर फायदा उठा रहे हैं। यहां लगे सागौन के पेड़ लगातार अवैध कटाई की भेंट चढ़ते जा रहे हैं।

मामला सकरी नगर का है, जहां वन चेतना केन्द्र के पीछे 128 एकड़ राजस्व की भूमि पर वन विभाग ने वर्ष 2004-05 में सागौन एवं अन्य इमारती पौधों का रोपड़ किया था। उक्त समय में सकरी ग्राम पंचायत थी, और इस प्लांटेशन के आसपास स्थित कृषि भूमि पर लोग खेती करते थे। लेकिन वर्तमान में सकरी नगर निगम में शामिल हो गया है एवं नगर में जमीन की कीमत आसमान छू रही है, ऐसे में अब इन खेतों में प्लॉटिंग की तैयारी की जा रही है।अपने प्लॉट तक पहुंचने के लिए भू-माफिया प्लांटेशन के बीचों-बीच मुरूम डालकर सड़क निकाल रहे हैं, इस क्रम में बीच में पड़ने वाले सागौन के पेड़ों को काटकर हटाया जा रहा है। मामले की शिकायत दिसंबर 2023 में हुई थी, जिस पर तत्कालीन एसडीएम तखतपुर के निर्देश पर सकरी तहसीलदार ने इस मामले की जांच के लिए एक दल का गठन किया था। दो राजस्व निरीक्षक एवं तीन पटवारियों की टाम ने विस्तृत जांच कर इसकी रिपोर्ट सकरी तहसीलदार को सौंपी थी। नगर निगम में आने के कारण उक्त क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग पर कारवाई के लिए निगम प्रशासन को सौंपा गया था, लेकिन 21 महीने बाद भी अब तक न अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई हुई और ना ही पेड़ काटने के मामले में वन विभाग ने कोई कारवाई की। ऐसे में राजस्व, वन एवं नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजमी है।

डीएफओ नीरज यादव के पास जब सागौन कटाई की जानकारी पहुंची तो उन्होंने तखतपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर अनिमेष सिंह को इसकी जांच के आदेश दिए। इसके दो दिन बाद रेंजर ने औपचारिकता निभाते हुए परिक्षेत्र सहायक अभिषेक पाटनवार को भेजा और एक घंटे के अंदर ही पूर्व में पेड़ कटने एवं वर्तमान में महज दो-चार पेड़ कटने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया। हालांकि वन चेतना केन्द्र के पीछे सैकड़ों की संख्या में सागौन के पेड़ काटे गए हैं, जिनके ठूंठ आज भी वहां मौजूद हैं, जो रेंजर और जांच अधिकारी के नजर से दूर हैं। ऐसे में सवाल यह खड़ा होचा है कि, आखिरकार रेंजर किसे बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

### कार्रवाई के लिए ताक रहे एक-दूसरे का मुंह ताक रहे विभाग



#### हाईकार्ट जाने की तैयारी में पर्यावरण प्रेमी

संरक्षित प्रजाति के पेड़ कटने के मामले में तीनों विभागों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी क्षुब्ध हैं। पर्यावरण प्रेमी राहुल श्रीवास एवं अमर गुप्ता का कहना है कि, करोड़ों खर्च कर पौध लगाने का कार्य वन विभाग करता है, लेकिन वृक्षों बनने के बाद चुपचाप भू-माफिया और तस्कर इनकी कटाई कर रहे हैं। जानकारी के बाद भी विभाग इसका संरक्षण नहीं कर पा रहा है। वहीं न वन विभाग, न राजस्व और न ही निगम प्रशासन कारवाई कर रहा है। निश्चित ही इससे हरित पर्यावरण की योजना को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि, अगर इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ कारवाई नहीं की गई, तो हम उच्च न्यायालय की शरण में जाएंगे।

#### दो-चार पेड़ काटे गए

डीएफओ के आदेश पर अभिषेक पाटनवार को जांच के लिए भेजा गया था। जहां पूर्व में मुरूम की सड़क बनाने के लिए सागौन के वृक्ष काटने की पुष्टि हुई है। वर्तमान में भी दो-चार वृक्ष काटे गए हैं, बाकी सूखे वृक्षों को काटा गया है। चूंकी यह राजस्व की भूमि है, इसलिए इस पर कारवाई का अधिकार राजस्व विभाग को है। वहीं से कार्रवाई हो सकती है।

-अनिमेष सिंह, रेंजर, तखतपुर वन परिक्षेत्र

#### मिली है जानकारी

इस मामले की जानकारी मिली है कि, तहसीलदार सकरी को जांच के लिए निर्देशित किया गया है।

- नितिन तिवारी, एसडीएम तखतपुर

#### जांच रिपोर्ट दिखवाएंगे

पूर्व की जांच रिपोर्ट कारवाई हेतु हमारे कार्यालय को प्राप्त हई है या नहीं, इसे दिखवाती हूं।

-रंजना अग्रवाल, जोन कमिश्नर सकरी

## फेडरेशन कप 50 बॉल क्रिकेट ट्रायल 30 को

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के उभरते लेदर बॉल क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हो रहा है। फिफ्टी बॉल्स क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से अंडर-19 प्रथम सीनियर फेडरेशन कप 50 बॉल फ्लड लाइट्स क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 का आयोजन आगामी 5 से 7 नवंबर तक दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल जीरकपुर मोहाली पंजाब में में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को मौका देने के लिए चयन ट्रायल 30 सितंबर मंगलवार 8 बजे से आयोजित किया जाएगा। ट्रायल का स्थल रॉयल इंडियन क्रिकेट एकेडमी गढ़ी पेंड्रा निर्धारित किया गया है। फेडरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ट्रायल 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के होगा एवं खिलाड़ियों को अपनी क्रिकेट किट स्वयं लानी होगी। चयन ट्रायल पूर्णत निशुल्क रहेगा, हालांकि चयनित खिलाड़ियों को चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु यात्रा एवं अन्य खर्च स्वयं वहन करना होगा। चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। चयन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ फिफ्टी बॉल क्रिकेट फेडरेशन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## चमारी में 'स्वच्छता ही सेवा' जागरूकता कार्यक्रम

**मुंगेली।** जिले में 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, चमारी में कृषि विज्ञान केन्द्र मुंगेली के विषय-विशेषज्ञों द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच क्विज, कविता, स्लोगन-राइटिंग, जिंगल प्रतियोगिता, निबंध एवं ड्राइंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रदर्शन किया। साथ ही विद्यार्थियों की जानकारी परखने के लिए 'स्वच्छता क्विज' तथा जागरूकता बढ़ाने हेतु 'स्वच्छता की पाठशाला' सत्र भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विषय वस्तु विशेषज्ञ पौध रोग एसके लहरे ने स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ जीवन के बीच संबंध के बारे में जानकारी दी। विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि प्रसार नेहा लहरे ने व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय एवं घर-परिवार में साफ-सफाई बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए।

## स्वदेशी आज का विषय नहीं यह आजादी की लड़ाई मूलमंत्र था

**सीपत।** वैदिक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शनिवार को स्वदेशी उद्यमिता विकास एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वदेशी व आत्मनिर्भरता के महत्व को समझा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्था के चेयरमेन द्वारिकेश पांडेय, विजन एकेडमी के संचालक कृष्णा सुनहले और शिक्षक नरेश चौधरी उपस्थित रहे। शिक्षक नरेश चौधरी ने कहा कि, स्वदेशी केवल आज का विषय नहीं, बल्कि यह आजादी की लड़ाई का मूल मंत्र रहा है। जब हम स्वदेशी अपनाते हैं, तभी सच्चे मायने में आत्मनिर्भर बन पाते हैं। विजन एकेडमी के संचालक कृष्णा सुनहले ने कहा कि, भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर नागरिक को विदेशी वस्तुओं का त्याग करना होगा। जब हम एकजुट होकर स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करेंगे



तभी भारत आर्थिक और सामाजिक दोनों ही दृष्टियों से मजबूत बन सकेगा। मुख्य वक्ता द्वारिकेश पांडेय ने कहा कि, उद्यमिता का असली अर्थ है परिश्रम की पराकाष्ठा। यदि आपमें श्रम करने की क्षमता और अपने सपनों को साकार करने का जज्बा है, तो कोई भी आपको सफल होने से रोक नहीं सकता। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने किया एवं आभार प्रदर्शन राजेंद्र क्षत्रिय ने किया। इस दौरान संस्था सचिव अशोक श्रीवास, इमरान अली, रासेयो अधिकारी रामेश्वर साहू, संतकुमार रात्रे, रूखमणि चौधरी, आकांक्षा भारती, विश्व प्रताप सहित समस्त प्राध्यापक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 13 वर्षीय छात्रा की आंख का सफल ऑपरेशन

**मुंगेली।** क्षेत्र की 13 वर्षीय छात्रा को बांई आंख में लकड़ी से चोट लगने के कारण लग गई उस आंख से कम दिखाई दे रहा था। परीक्षण करने के पश्चात छात्रा की आंख की रोशनी कम पाई गई, जिसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान एवं समग्र बाल नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम तहत राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम में दूर की वस्तुएं साफ नहीं दिखाई देने पर छात्रा का इलाज किया गया। स्कूल स्क्रीनिंग के तहत ग्राम सारंगपुर तहसील लालपुर की शास पूमा शाला लालपुर में पढ़ने वाली 13 वर्षीय छात्रा को दस महीने पहले बाईं आंख में लकड़ी से चोट लग गई थी, जिसके कारण उसके कम दिखाई दे रहा था। स्कूल में नेत्र परीक्षण के दौरान नेत्र सहायक अधिकारी अनुराधा साहू ने पाया कि ठात्रा की आंख में रोशनी कम थी।



## आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी नेक्स्ट रिफॉर्म विषय पर कार्यशाला

**पेण्ड्रा।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी नेक्स्ट रिफॉर्म विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगोत्री राठौर मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी ने की। इस अवसर पर राम जी श्रीवास, अरुणा, गणेश जायसवाल, पवन त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के संचालन हेतु संयोजक की जिम्मेदारी नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, मनीष श्रीवास, अरुण तिवारी ने निभाई। सौरभ साहू वेदराम कोल, समरू कोल, विजेंद्र सिंह, विनय सूर्यवानी, निर्मल जायसवाल, हरेन्द्र राठौड़, मुन्नी बाई कोल, मीनाक्षी यादव, जानकी कुशवाहा, दुर्गी कोल, आनंद साहू, राम बहादुर, विमल मिश्रा, के पी जायसवाल, अजय राय, सुरेश गुप्ता, महेश मिश्रा, भगवान दास, बी पी



सिंह आदि ने कार्यशाला को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। मुख्य वक्ता राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं बल्कि देश की आर्थिक स्वतंत्रता का संकल्प है। मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान का मूल मंत्र "लोकल से वोकल" है। नपा उपाध्यक्ष शरद गुप्ता ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा और जीएसटी सुधारों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। महिला कार्यकर्ताओं भावना अरुणा, मीनाक्षी यादव, जानकी कुशवाहा, मुन्नी बाई कोल, दुर्गी कोल ने भी महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया।

### स्वच्छता अभियान चलाकर नवापारा तालाब की सफाई



**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद में वार्ड क्रमांक 12 नवापारा तालाब में 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर तालाब से जलकुंभी निकालने, सभी पचरी में साफ-सफाई एवं तालाब के चारों ओर घास झाड़ियों की कटाई का कार्य किया गया। सफाई अभियान में नपा अध्यक्ष रोहित शुक्ला, पार्षद संजय चंदेल, अजय साहू, विजय बंजारा, रामकिशोर देवांगन, अरविंद वैष्णव, सत्येन्द्र परिहार, मुख्य नपा अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, नगर पालिका कर्मचारी एवं नागरिक शामिल हुए।

## थाना परिसर में पहल कार्यशाला बच्चों को किया गया जागरूक

**जरहागांव।** एसपी भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में जिले में पहल अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जरहागांव थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा के नेतृत्व में थाना प्रांगण में 'पहल' कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चो को थाना भ्रमण कराना था, ताकि बच्चे थाने की संचालित प्रक्रिया को समझ सकें। कार्यशाला के माध्यम से नंदलाल पैकरा थाना प्रभारी ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को पहल अभियान के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने सायबर धोखाधड़ी, विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन ठगी के बारे में जानकारी दी एवं मोबाइल की सही उपयोगिता की जानकारी दी। साथ ही बच्चो को नशा एवं अपराधों से बचने की समझाइश दी गई। बच्चों को पॉक्सो एक्ट, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। पहल टीम से पुलिस बालमित्र रोशना



डेविड ने बच्चों को मुख्य पांच बिंदु अनुशासित जीवन, पूर्ण शिक्षा, अच्छे संस्कार, सुविचार, अच्छे दोस्त, अच्छे इंसान बनने और ईमानदारी, कड़ी मेहनत व लगन से पूर्ण शिक्षा ग्रहण कर लक्ष्य की प्राप्ति करने को प्रेरित किया। सभी ने 'पहल मस्ती' में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, साथ ही कार्यशाला में बताए गए विषयों पर प्रश्न उत्तर किया गया एवं पुरस्कार दिया गया। थाना प्रभारी ने बच्चों को नशा एवं हर प्रकार के अपराध से बचने की शपथ दिलाई।

### तोमर वंशी गर्ग गोत्रज की बैठक आज

**मुंगेली।** तोमरवंशी गर्ग गोत्रज की बैठक 28 सितंबर रविवार को दोपहर 1 बजे सोनकर सिटी में आयोजित की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ तोमरवंशी गर्ग गोत्रज के वंशावली के संयोजक स्वर्गीय उत्तम सिंह तोमर की पुण्यतिथि माह नवंबर में मनाने पर चर्चा की जाएगी। प्रभात सिंह तोमर झलियापुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, मुंगेली में आयोजित बैठक में अपने-अपने क्षेत्र के सभी गोत्रज बंधुओं की विस्तृत जानकारी जैसे नाम, पिता का नाम व्यवसाय, उम्र, वर्तमान पता और एक फोटो ताकि फोटोयुक्त नामावली का प्रकाशन किया जा सके।

### चयनित अभ्यर्थियों की सूची

मुंगेली। जिले में मिशन शक्ति अंतर्गत जिला स्तरीय महिला शक्ति केन्द्र हेतु विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच एवं भर्ती प्रक्रिया के पश्चात चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। डीपीओ ने बताया कि जिला मिशन समन्वयक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, पीएमएमवीवाय एवं मल्टी टास्क स्टाफ के पदों पर चयन सूची जारी की गई है।

### अनुशासित जीवन शैली अपनाकर स्वास्थ्य को अच्छा रखने दी प्रेरणा

## नशे से दूर रहने की दी गई सीख

**पथरिया।** जिले में पुलिस प्रशासन की ओर से जन-जागरूकता और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पहल अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल जरेली पेंड्री में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल शामिल हुए एवं विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, सीएमओ अनुराधा राजमणि, थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा तथा डीएवी पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल गौरव सिंह राजपूत सहित स्कूल के शिक्षक, परिजन एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक



भोजराम पटेल ने विद्यालय में आयोजित पहल कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रेरणादायक कार्यशाला ली, जिसमें उन्होंने बच्चों को अनुशासित जीवन शैली अपना कर अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने की प्रेरणा दी। पहल अभियान टीम से पुलिस बाल मित्र रोशना डेविड ने नशे से दूर रहने, ऑनलाइन धोखाधड़ी अपराध से दूर रहने, मोबाइल से दूर रहकर सुविचार, अच्छे संस्कार को अपनाने, पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर, लक्ष्य प्राप्त कर सफल एवं सुरक्षित जीवन जीने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। अतिथियों ने ड्राइंग, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, बोर्ड डेकोरेशन व रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों निहारिका, प्रिया, श्रिया, सोनम, सुहानी, समीर, आशीष, सुभास को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। पथरिया थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सीसीए इंचार्ज प्रियंका एंथोनी व भूपेंद्र पात्रे ने किया। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, सभापति प्रतिनिधि रविन्द्र बघेल, जरेली सरपंच देवकी गजानंद सिंगरोल, एसडीएम रेखा चंद्रा, थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा, सीएमओ अनुराधा राजमणि, प्राचार्य गौरव राजपूत, एएसआई पूहकल सिंह ठाकुर, हालिस गेंदले एंव छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम मझगांव प.ह.नं. 14, रा.नि.मं. बेलगहना, तहसील बेलगहना, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 1/8, 1/12, 1/14, 1/7 रकबा क्रमशः 0.9100 हे., 0.9100, 0.8090 हे., 0.9100 हे. की भूमि को विक्रेता - अजय कुमार पिता बंशीलाल से क्रय किये जाने का पक्का किया जाकर, उक्त सौदे की राशि में से अग्रिम राशि बयाना का भुगतान किया जा चुका है, तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होना तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था /बैंक को कोई आपत्ति हो तो इस संबंध में अपना आपत्ति नीचे दिये गये पते पर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति दर्ज कर सकते हैं, समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, तथा क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री हो जायेगा।

सो सूचना जानें।

दिनांक : 27/09/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय / क्रेता
नाम - प्रीतू सोनी
पति प्रशांत सोनी
पता - शिवम रेसीडेंस, शांति नगर बिलासपुर ( छ.ग.)
मो.नं.- 9300332426

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गिरीश कुमार अग्रवाल पिता स्व. नरेंद्र कुमार अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा मन 1 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/2 रकबा 0.8700 हेक्टेयर/2.149 एकड़ तथा सैदा मन 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 61/2 रकबा 0.457 हेक्टेयर 1.13 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/1 रकबा 0.582 हेक्टेयर / 1.44 एकड़ कुल खसरो की संख्या तीन कुल रकबा 1.909 हेक्टेयर / 4.719 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अत: इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01.10.2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

नवीन कुमार बिसेन
अधिवक्ता
आनन्द अपार्टमेंट के सामने सांई मंदिर के पास 27 खोली बिलासपुर छ.ग.
मो. 9893977620

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रश्मि अग्रवाल पिता हरी शंकर अग्रवाल निवासी ब्रहस्पति बाज़ार बिलासपुर छत्तीसगढ़ के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित मौजा सैदा म.नं.1 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 70/3 रकबा 0.3840 हेक्टेयर /0.948 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/4 रकबा 0.7370 हेक्टेयर / 1.821 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/5 रकबा 0.4250 हेक्टेयर /1.05 एकड़ खसरा नंबर 70/6 रकबा 0.1820 हेक्टेयर / 0.449 एकड़ तथा खसरा नंबर 70/7 रकबा 0.2430 हेक्टेयर / 0.60 एकड़ तथा सैदा म.न. 2 प.ह.न. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/2 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/3 रकबा 0.138 हेक्टेयर / 0.34 एकड़ तथा खसरा नंबर 60/4 रकबा 0.275 हेक्टेयर / 0.68 एकड़ तथा खसरा नंबर 61/1 रकबा 0.632 हेक्टेयर/1.56 एकड़ तथा खसरा नंबर 63/4 रकबा 0.186 हेक्टेयर / 0.46 एकड़ तथा खसरा नंबर 64/1 रकबा 0.353 हेक्टेयर / 0.87 एकड़ तथा खसरा नंबर 67/4 रकबा 0.081 हेक्टेयर /0.20 एकड़ तथा सैदा म.नं. 4 प.ह.नं. 41 राजस्व निगम अमसेना तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ खसरा नंबर 11/4 रकबा 0.2020 हेक्टेयर / 0.499 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/1 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 14/2 रकबा 0.1620 हेक्टेयर / 0.400 एकड़ तथा खसरा नंबर 15/1 रकबा 0.0890 हेक्टेयर / 0.219 एकड़ तथा खसरा नंबर 16/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर /0.830 एकड़ कुल खसरों की संख्या अठारह कुल रकबा 5.000 हेक्टेयर/12.35 एकड़ भूमि को JADE INFRAVENTURES LLP द्वारा खरीदने का सौदा कर लिया गया है जिसका जल्द ही पंजीयन करा लिया जायेगा।

अत: इस बाबत जिस किसी व्यक्ति बैंक, संस्था, शासकीय अर्ध शासकीय कार्यालय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से दिनांक 01-10-2025 के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रकट कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

नवीन कुमार बिसेन (अधिवक्ता)
आनन्द अपार्टमेन्ट के सामने साँई मंदिर के पास, 27 खोली, बिलासपुर (छ.ग.) मो.-9893977620

## खबर संक्षेप

### पत्रकार अशोक की 14 वीं पुस्तक 'साक्षी 7' का विमोचन



**बिलासपुर।** वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार अशोक व्यास की शुक्रवार को 14 वीं पुस्तक 'साक्षी 7' का विमोचन किया गया। इसके पहले श्री व्यास कविताओं की पुस्तक साक्षी, साक्षी-2 और साक्षी-3, साक्षी-4, साक्षी-5, साक्षी-6 तथा ज्योतिष पर पुस्तक' समस्याएं आपकी समाधान हमारे' 'समस्त व्रत पूजा विधान ' पुस्तक के अलावा 'सत्यनारायण व्रत कथा' और 'मंत्र बोलते हैं भाग्य खोलते हैं', पुस्तक 'मुहूर्त हाथ में सफलता साथ में' तथा 'दोष मिटाएं भाग्य जगाएं' पुस्तक लिख चुके हैं। पुस्तक का विमोचन बुक्स क्लिनिक के भवन कुदुदंड में शुक्रवार 26 सितंबर को हुआ। इस मौके पर बुक्स क्लीनिक के डायरेक्टर हितेश सिंह बिसेन,को-डायरेक्ट ऋचा सिंह बिसेन,अनिका सिंह बिसेन, बबीता व्यास, साक्षी व्यास, राजेश कुमार बंजारे, रजनी केशरवानी, आर्यन धीवर, सतीश राजपूत, दिव्या सिन्ध्रौल,लव थवाइत,आशीष कुमार धुरी,पूर्णिमा श्रीवास, पल्लवी पाण्डेय, मैनेजर आयुष सिंह, अनुज प्रताप सिंह, जन्मेजय पैकरा, कल्याणी सिंह, विष्णु, प्रतीक एक्का, तुलसी यादव आदि मौजूद थे। व्यास ने कहा कि कविताओं के विषयों का चयन उनकी पत्नी श्रीमती बबीता व्यास करती हैं।

### विश्व फार्मासिस्ट डे: स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चला



**बिलासपुर।** विश्व फार्मासिस्ट डे पर 25 सितंबर को जीटीबी ग्रुप आफ कॉलेज के फार्मेसी ब्रांच नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का आयोजन किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्रमुख डॉ. पलक जायसवाल ने बताया कि फार्मासिस्ट का उद्देश्य मरीज के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ-साथ समाज के कल्याण में सुधार के लिए फार्मासिस्ट की भूमिका बहुत बड़ी है। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए साथ ही साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान निकाला गया। इस कार्यक्रम का समापन फार्मेसी महाविद्यालय के प्राचार्य मो. अयाज, विजय कुमार और फार्मेसी महाविद्यालय के शिक्षक मो. आफताब, मोनिका बैरागी, अभिषेक राठौर, स्वाति साहू आदि का सहयोग रहा।

### माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के तत्वावधान में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उद्योगपति एवं डायरेक्टर, फिल ग्रुप प्रवीण झा ने छात्राओं को अपने उद्यमशील अनुभवों से अवगत कराते हुए आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी और नवाचार ही भारत की प्रगति का वास्तविक आधार हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के संभागीय संयोजक सुनील श्रीवास्तव ने उद्यमिता और सामाजिक उत्तरदायित्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. नीता श्रीवास्तव, रूपाली गुप्ता ने भी छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। इसमें प्राचार्य डॉ. के. के. भंडारी, डॉ. शोभा महेश्वर, डॉ. सिन्हा, डॉ. शुक्ला, डॉ. आरती, डॉ. दीपिका, डॉ. सुरेखा, डॉ. वंदना, डॉ. सी. तिर्की, डॉ. ललिता, डॉ. दीपक शुक्ला, डॉ. एस. के. पटेल, डॉ. आर. के. पटेल, डॉ. यतिनंदनी आदि का सहयोग रहा।

### सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट ने मनाया उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस पर उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंसेज उसलापुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एमएसएमई विकास कार्यालय रायपुर से आईइडीएस सहायक निदेशक ग्रेड 1 अरविन्द तिवारी, आईईडीएस संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख लोकेश कुमार परगनिहा, लीड बैंक मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक दिनेश कुमार उरांव, ,प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सत्येन्द्र वर्मा, डॉ शिल्पी प्रसाद, प्राचार्य डॉ एस.एस. नायक ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इसमें संस्था के अध्यक्ष राहुल वाजपेई एवं सचिव ऋतुराज बाजपेई का सहयोग रहा।

### हैदराबाद लोक महोत्सव में करेंगे गेड़ी नृत्य का प्रदर्शन

**बिलासपुर।** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय लोक महोत्सव में बिलासपुर तिफरा की सांस्कृतिक संस्था लोक श्रृंगार भारती गेड़ी लोक नृत्य दल को प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया गया है। दल के अनिल कुमार गढ़ेवालने बताया कि 15 सदस्यीय गेड़ी लोक कलाकारों का दल गेड़ी नृत्य के निर्देशक अनिल कुमार गढेवाल के कुशल नेतृत्व में 28 सितंबर को हैदराबाद के लिए रवाना हो चुके हैं। इस दल में मोहन डोंगरे द्वारा पारंपरिक मांदल वादन किया जाएगा। वहीं संगीतकार संजय रात्रे भी मांदल वादन एवं सह गायक की भूमिका निभाएंगे। हारमोनियम सौखी लाल कोसले तथा महेश नवरंग बांसुरी पर तान छेड़ेंगे। सह गायक फागुराम सूर्यवंशी हैं। गेड़ी नर्तक प्रभात बंजारे एवं चेतन कुर्रे द्वारा गेड़ी नृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा। सह गेड़ी नर्तक लक्ष्मी नारायण माण्डले, चंद्रशेखर केवट, मनोज माण्डले, सूरज खांडे, शुभम भार्गव, फूलचंद ओगरे, शुभम भारद्वाज द्वारा कौड़ी एवं चीनी मिट्टी की माला, पटसन वस्त्र, मयूर पंख धारण करके पारंपरिक गेड़ी लोक नृत्य का प्रदर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया विद्या भारती कालेज भवन का लोकार्पण

# विद्या भारती संस्था का भारत की संस्कृति परंपरा को आगे बढ़ाने में विशिष्ट योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को बिलासपुर सेंदरी-कोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में नवनिर्मित सरस्वती कालेज भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विद्या भारती द्वारा आयोजित मेघावी छात्र अलंकरण व प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के 33 जिलों के सरस्वती स्कूलों से चयनित 24 मेघावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

- सरस्वती स्कूलों के 24 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विद्या भारती संस्था भारत की संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने में विशिष्ट योगदान दे रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे राष्ट्र गौरव निर्माण में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने सरस्वती स्कूल के 24 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत, अनुशासन और संस्कार से प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय का यह नया भवन शिक्षा और ज्ञान के विस्तार का प्रतीक है जो समाज को नई दिशा देगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरस्वती महाविद्यालय ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय एवं इसरो बेंगलुरु से एमओयू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, अनुसंधान एवं तकनीकी क्षेत्र में ज्यादा अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय का स्टडी सेंटर भी यहां प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्थानीय भाषा में शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, हाईटेक लाईब्रेरी, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि दृढ़ संकल्प और परिश्रम के साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।



बच्चों का सम्मान करते सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू।

### संस्कार देने का काम कर रही विद्या भारती: उप मुख्यमंत्री

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ संस्कार देने का काम कर रही है। विद्या भारती संस्था द्वारा ज्ञान परंपरा और भारती संस्कृति को सहेजने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विद्या भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री देव नारायण ने विद्या भारती के सिद्धांतों, विचारधारा और कार्य प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरस्वती संस्थान द्वारा अब तीन महाविद्यालय की स्थापना छत्तीसगढ़ में की गई है और सात प्रकल्प है। ग्राम भारती में 1100 से अधिक विद्यालय है। इन संस्थानों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे योग्य और राष्ट्र के प्रति समर्पित बच्चों का निर्माण हो रहा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू व उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सहित बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पाठय पुस्तक निगम अध्यक्ष राजा पांडेय, सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष राम भरोसा सोनी, ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष रतन चन्द्राकर, सरस्वती शिशु मंदिर कोनी के अध्यक्ष मुनेश्वर कौशिक, सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के सचिव संतोष तिवारी, बृजेन्द्र शुक्ला, पुरनंदन कश्यप, रामपाल, सुजीत मित्रा, सुदामा राम साहू, प्रांत प्रमुख संचालक श्रीमती दिव्या चंदेल, प्राचार्य डॉ. सामेन्द्र ब्रम्हा, प्राध्यापक अक्षत तिवारी,, अजय तिवारी, हिमांशु यादव, पुप्पेन्द्र श्रीवास, नीतू साहू, दीक्षा यादव सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने तेजस्विनी छात्रावास का किया निरीक्षण



**बिलासपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज बिलासपुर प्रवास के दौरान नेहरू नगर स्थित तेजस्विनी छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में अध्ययनरत बच्चियों से आत्मीय चर्चा की और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

श्री डेका ने छात्राओं से कहा कि जीवन में भौतिक सफलता के साथ-साथ बेहतर इनसान बनना सबसे जरूरी है। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का बेहतर जरिया है। एक सच्चे नागरिक की पहचान उसके सोच और व्यवहार से होती है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को समावेशी सोच के साथ जीवन यात्रा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने छात्राओं की शिक्षा, रहन सहन एवं अन्य आवश्यकताओं की जानकारी ली। श्री डेका ने कहा कि बच्चियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को लेकर शासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। छात्राओं ने राज्यपाल से खुलकर बातचीत की और अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने छात्रावास के विकास के लिए 2 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में छात्रावास की संचालिका सुश्री सुलभा देशपांडे ने स्वागत भाषण दिया। आभार प्रदर्शन डॉ. संजना तिवारी ने किया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिपं संदीप अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### नगर प्रवास पर राज्यपाल से की सौजन्य भेंट



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका के बिलासपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में अमित सिन्हा एवं पीएमसीसी के प्रोपराइटर प्रशांत मिश्रा व अविनाश यादव ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की।

### नगर विधायक अमर ने किया राज्यपाल का स्वागत



राज्यपाल रमन ठेका नगर विधायक अमर अग्रवाल के यहां निजी प्रवास पर पहुंचे। यहां उनका स्वागत जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, दुर्गेश पांडे, रौशन सिंह, अनिल सिंह चौहान, गौरी गुप्ता, महर्षि बाजपेई, विवेक ताम्रकार आदि ने किया।

## सोना खुद ही है ब्रांड, किसी और नाम का मोहताज नहीं: सराफा एसोसिएशन

**बिलासपुर।** छग सराफा एसोसिएशन ने उपभोक्ताओं के हित में एक व्यापक ग्राहक जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। त्योहारी सीजन के आगाज के साथ ही प्रदेशभर में नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे बड़े पर्वों पर सोने-चांदी की खरीदारी परंपरा का हिस्सा होती है। महिलाएं और परिवार इस शुभ अवसर पर सोने के जेवर खरीदना आवश्यक मानते हैं।

इसी परंपरा और विश्वास का फायदा उठाकर कई कंपनियां उपभोक्ताओं को गुमराह कर रही हैं। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि इन दिनों बड़े-बड़े बैनर, पोस्टर और टीवी चैनलों पर चल रहे विज्ञापन उपभोक्ताओं को झूठे और भ्रामक वादों से आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। कई कंपनियां यह दावा करती हैं कि वे सोना कम दाम में बेच रही हैं, मेकिंग चार्ज फ्री कर रही हैं या फिर अलग-अलग ऑफर देकर ग्राहकों को अपने शोरूम तक खींच रही हैं। ऑफर जूता चप्पल या कपड़ों की बिक्री में हो सकता है सोने-चाँदी में ऑफर सिर्फ और सिर्फ भ्रामक और प्रलोभन करना होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कंपनियों का असली मकसद सिर्फ ग्राहकों को भ्रमित कर अपने शोरूम तक बुलाना है। इन प्रलोभनों का सबसे बड़ा असर छोटे और पारंपरिक सराफा दुकानदारों पर पड़ रहा है, जो पीढ़ियों से ग्राहकों का विश्वास अर्जित करते आ रहे हैं।



एसोसिएशन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे सोने की खरीदारी करते समय हमेशा सतर्क रहें। सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार सोने पर हॉलमार्क और होलोग्राम की जांच अवश्य करें। क्योंकि यही सोने की शुद्धता और प्रमाणिकता का असली प्रमाण है। श्री सोनी ने कहा मेरी पूरे छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं से अपील है कि किसी भी झूठे विज्ञापन, ऑफर या प्रलोभन पर ध्यान न दें। सोना आप कहीं से भी खरीदें, लेकिन केवल अपने विश्वसनीय और पुराने दुकानदार से ही खरीदें। सोना कभी भी ब्रांडेड नामों के भरोसे मत खरीदिए। असली सुरक्षा और भरोसा सिर्फ हॉलमार्क और आपके विश्वसनीय दुकानदार ही दे सकते हैं।

## एसईसीएल में हिंदी पखवाड़ा का समापन, विजेताओं को मिला सम्मान



**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय में 14 सितंबर से प्रारंभ हिंदी पखवाड़ा का समापन 27 सितंबर को एसईसीएल मुख्यालय आडिटोरियम में निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास के मुख्य आतिथ्य, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशासन/जनसंपर्क/राजभाषा) मनीष कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया।

उप महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने हिंदी पखवाड़ा आयोजन के सम्बन्ध में जानकारी दी। मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) श्री दास ने कहा भारत बहुभाषा-भाषी राष्ट्र है लेकिन हिंदी वह भाषा है जो भारत की एकता का प्रतीक है, यह हम सबको एक-दूसरे से आपस में जोड़ती है। हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। हिन्दी में पत्राचार करने वाले विभागों को स्व. शंकर दयाल सिंह स्मृति पुरस्कार योजना के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय बिलासपुर में शत-प्रतिशत हिंदी में पत्राचार करने वाले विभागों में से निदेशक (मानव संसाधन) सचिवालय, योजना-परियोजना, जनसंपर्क विभाग, सुरक्षा विभाग, उत्खनन, पीएफ-पेंशन विभाग, सायडिंग, औद्योगिक अभियांत्रिकी, ईएंडटी, उत्पादन, भूमिगत खदान, कर्मचारी स्थापना, भू -राजस्व अवम पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक भागिता के लिए नई पहल विभाग को सर्वोच्च सहभागिता पुरस्कार दिया गया। पुस्तक रचना के लिए संतोष श्रीवास को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप सिंह ने किया।

### 100 सफाई मित्रों का सम्मान



एसईसीएल मुख्यालय में स्वच्छता ही सेवा- 2025 अभियान के अंतर्गत सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास के मुख्य आतिथ्य, महाप्रबंधक (सिविल) भानु सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशासन/जनसंपर्क/राजभाषा) मनीष श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) एसईसीएल श्री दास ने कहा सफाई मित्र हमारे कार्यस्थल और समाज की असली ताकत हैं। स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने में उनका योगदान अतुलनीय है। हमें संकल्प लेना होगा कि हम सिंगल यूज़ प्लास्टिक का त्याग करें और हर उत्सव को हरित उत्सव के रूप में मनाएं। इस वर्ष समारोह की थीम स्वच्छोत्सव रही। इस दौरान 100 सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। इन सफाई मित्रों को मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) श्री दास ने सम्मानित किया। एसईसीएल द्वारा 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष "स्वच्छता ही सेवा" अभियान संचालित किया जा रहा है। इस दौरान नदियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई, बच्चों को जागरूक किया जा रहा है।

## मार्च के बाद सुधर सकती है ट्रेनों की चाल : डीआरएम

**बिलासपुर।** मार्च 2026 के बाद यात्री ट्रेनों की समय सारिणी में काफी सुधार हो जाएगा, क्योंकि बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे ने त्यौहार पर भीड़ को कम करने और यात्रियों को आरामदायक सफर कराने के लिए छठ पूजा तक 120 ट्रेनों का परिचालन शुरु कर दिया है, जिसमें 1 लाख 25 हजार से अधिक यात्री कंफर्म टिकिट प्राप्त कर सकते हैं।

बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम राजमल खोईवाल ने बताया कि यात्री ट्रेनों का परिचालन सबसे अधिक अधोसंरचना के काम की वजह से ही प्रभावित होता है। वर्तमान में बिलासपुर रेल मंडल के बिलासपुर से लेकर झारसुगुड़ा तक तीसरी लाइन के बाद चौथी लाइन का काम भी किया जा रहा है। इस लाइन का काम पूरा होने के बाद यात्री गाड़ियों के साथ मालगाड़ियों का परिचालन भी सुचारू रूप से शुरु हो जाएगा। रेल मंडल के सभी स्टेशनों और लाइन पर पुराने सिग्नलिंग कार्य के स्थान पर आटो सिग्नल का भी काम हो रहा है। वहीं रेल कारीडोर में पेण्ड्रारोड से गेवरारोड के बीच रेल लाइन व अन्य कार्य अंतिम चरण में हैं, जहां से गुड्स ट्रेनें निकलने के बाद यात्री गाड़ियों के लिए परेशानी खत्म हो जाएगी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि से लेकर छठ पर्व के दौरान ट्रेनों और स्टेशनों में यात्रियों की काफी भीड़ हो जाती है। इसके कारण हजारों की संख्या में यात्रियों को कंफर्म टिकिट की परेशानी होती है। इस वर्ष रेल मंत्रालय के आदेश पर बिलासपुर जोन और डिवीजन स्तर पर त्यौहार में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा, 18 से 23 अक्टूबर तक दीपावली पर्व और 25 से 28 अक्टूबर के बीच छठ पूजा के दौरान करीब 120 ट्रेनों का परिचालन शुरु किया गया है। यह ट्रेन बिलासपुर, उसलापुर, अमृत भारत स्टेशन से नियमित 132 लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां संचालित हो रही है। यहां से ट्रेन देश के प्रमुख स्थान टाटानगर, खड़गपुर, हावड़ा, न्यू जलपाई गुड़ी, गुवाहाटी, गंगटोक, पटना, भुवनेश्वर, पुरी, रक्सौल, नागपुर, पुणे, मुम्बई, नासिक, सिकंदराबाद, हैदराबाद, बेंगलुरु, भोपाल, उज्जैन, इंदौर, कोटा, जयपुर, अजमेर, जोधपुर, विशाखापट्टनम, न्यू दिल्ली व अन्य स्टेशनों तक चलेगी। इन ट्रेनों में 1 लाख 25 हजार यात्रियों को स्लीपर और एसी कोच में कंफर्म बर्थ की सुविधा मिल सकेगी।




बिजनेस प्लस

### फॉर्च्यून सिटी का भव्य शुभारंभ



**बिलासपुर।** शहर की आधुनिक पहचान को और सशक्त बनाने के लिए फॉर्च्यून इंफ्रा ने अपनी भव्य टाउनशिप परियोजना फॉर्च्यून सिटी का शुभारंभ किया है। 28 सितंबर तक चलने वाले इस ग्रैंड लॉन्च ने शहरवासियों में खासा उत्साह जगा दिया है। इसे अब तक का सबसे बड़ा और आधुनिक टाउनशिप प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इसके रीजनल मैनेजर सुरेश सिंह राजपूत ने बताया कि फॉर्च्यून सिटी सिर्फ एक हाउसिंग प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन के हर पहलू को समेटने वाला फ्यूचर होम है। यहां पर शानदार एंट्रेंस गेट, 60 और 30 फीट चौड़ी सड़कें, सीसीटीवी सर्विलांस और वर्षा जल संचयन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लॉन्च के दौरान स्पॉट बुकिंग करने वालों को आकर्षक उपहार भी प्रदान किए गए। ग्रैंड लांचिंग के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अजय निराला, विशाल श्रीवास्तव, रुपिन खंडूजा, मनोज उभरानी उपस्थित रहे। वहीं साथ में अजय जैन, प्रकाश निर्मलकर, अंचल गोस्वामी, रवि सिंह, महेंद्र मनहर और राजकिशोर श्रीवास मौजूद रहे। आर्किटेक्ट एस. के. शुक्ला और क्रेडाई से संबद्धता इस प्रोजेक्ट को और अधिक विश्वसनीय बनाती है।

### तनुश्री कैटरिंग बुकिंग पर विशेष ऑफर




**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर बृहस्पति बाजार रोड पर स्थित तनुश्री केटरिंग के संचालक अनिरुद्ध मिश्रा ने बताया कि कैटरिंग के क्षेत्र में विगत 22 वर्षों से लगातार ग्राहकों के दिलों में स्वादिष्ट व्यंजनों के कारण दिलों में हम जगह बनाए हुए हैं। संचालक ने बताया कि हमारे यहां मिनिमम दर मात्र 120 रुपए प्रति प्लेट से शुरुआत है । नवम्बर,दिसंबर जनवरी एवं फरवरी की बुकिंग कराने पर 10% की छूट उपलब्ध है। हमारे यहां शादी, पार्टी व अन्य समस्त मांगलिक अवसरों पर लंच,डिनर, ब्रेकफास्ट एवं लजीज व्यंजनों सहित सुविधाएं उपलब्ध हैं। सभी कार्यक्रमों पर लंच, डिनर, ब्रेकफास्ट के लिए हमारे यहां ऑर्डर पर पार्सल घर पहुंच सुविधा भी प्रदान की जाती है। हमारे यहां पंजाबी, महाराष्ट्रियन, गुजराती के कुशल रसोइये उपलब्ध हैं एवं प्रशिक्षित वेटर एवं वेट्रेस द्वारा सर्विस उपलब्ध है।

सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय की अनोखी पहल: नई पीढ़ी को मिलेगी प्रेरणा

## ओपन यूनिवर्सिटी करेगी प्रतिभाओं का सम्मान : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय ने शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में प्रेरणादायी कदम उठाया है। कुलपति प्रो. वी.के. सारस्वत ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय अब चार अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिभाओं और समाजसेवियों को सम्मानित करेगा। साथ ही, प्रदेश के सात स्कूलों और सात गांवों को गोद लेकर शिक्षा और साक्षरता को नई दिशा देने की पहल भी शुरू की गई है।



कुलपति ने बताया कि चार श्रेणियों में होगा सम्मान। इसमें पहली श्रेणी महिला शक्ति पर केंद्रित होगी। इसमें वे माताएं सम्मानित की जाएंगी। जिनके बच्चे आईएएस, आईपीएस या पीएससी जैसी प्रशासनिक सेवाओं में चयनित हुए हैं। दूसरी श्रेणी नवाचार की होगी, जिसमें समाज और शिक्षा के क्षेत्र में इनोवेशन करने वाले युवाओं को मंच मिलेगा। तीसरी श्रेणी समाज सुधारक और एनजीओ के लिए होगी, जिन्होंने सामाजिक बदलाव की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। चौथी श्रेणी में आदिवासी विकास और शिक्षा पर कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रो. सारस्वत ने कहा कि यह सम्मान केवल औपचारिकता नहीं होगी। विश्वविद्यालय इन सम्मानित व्यक्तियों को सालभर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में आमंत्रित करेगा, ताकि वे अपने अनुभव साझा कर नई पीढ़ी को प्रेरित कर सकें। इसके लिए चयन प्रक्रिया की एक विशेष कमेटी बनाई जाएगी।



### सात स्कूलों को लेंगे गोद

पीएसयूएम ने राज्य के सात रिजनल सेंटरों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के सात स्कूल गोद लें। ये वे स्कूल होंगे जहां संसाधनों की कमी है। विश्वविद्यालय इन स्कूलों में न केवल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का काम करेगा बल्कि आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराएगा। समय-समय पर रिजनल सेंटर स्कूलों का मूल्यांकन कर सुविधाओं को बेहतर बनाएंगे।

### सात गांवों में फैलेगी साक्षरता की रोशनी

विश्वविद्यालय ने तय किया है कि सातों रिजनल सेंटर प्रदेश के सात गांवों को गोद लेंगे। इन गांवों में शिक्षा और साक्षरता की स्थिति सुधारने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। बच्चों को बेहतर शिक्षा और वयस्कों को जागरूक करने के प्रयास किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि इस कदम से ग्रामीण समाज में शिक्षा का महत्व और साक्षरता दोनों को बढ़ावा मिलेगा। नवाचार, शिक्षा और समाज सेवा को जोड़ने वाली यह पहल विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगी और प्रदेश की नई पीढ़ी को प्रेरणा का मार्ग दिखाएगी।

## खबर संक्षेप

### महानिदेशक संरक्षा ने ली सुरक्षा बैठक

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड के महानिदेशक संरक्षा हरीशंकर वर्मा ने रेलवे के महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों एवं मंडल अफसरों के साथ रेल संरक्षा से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने कहा कि रेल दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ निरंतर और सुदृढ़ समन्वय बनाए रखना आवश्यक है। अफसरों को अधिक से अधिक समय क्षेत्र में जाकर कर्मचारियों से संवाद और उनके साथ निकटता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि पाइंट एवं क्रासिंग दुर्घटनाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील होते हैं। इनका समुचित रखरखाव करें और नए पाइंट एवं क्रासिंग को वर्क कर्व पर लगाने से बचें। बैठक के उपरांत रायपुर-बिलासपुर का विंडो निरीक्षण किया, इसके बाद बिलासपुर-पेण्ड्रा खंड का निरीक्षण करने रवाना हो गए।

### रेलवे स्कूल में विशेष स्वास्थ्य शिविर

**बिलासपुर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत बिलासपुर मंडल के चिकित्सा विभाग ने मंडल के प्रमुख स्टेशन, रेल परिसर, कार्यालय, कार्यस्थलों एवं रेल कालोनियों में महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने कार्यक्रम आयोजित किए। टीम ने महत्वपूर्ण रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रेल कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। इस क्रम में रेलवे इंग्लिश मीडियम स्कूल में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं व किशोरियों की स्वास्थ्य जांच और एनीमियो जांच के लिए रक्त परीक्षण किया गया।

### बस ने मारी टक्कर तमाशबीन बनी पुलिस



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर रोजाना यातायात पुलिस के जवान तैनात रहते हैं, सड़क पर वाहनों की चेकिंग व चालान काटने के अलावा पुलिस का कोई काम नहीं रहता है। शनिवार को तिफरा बसस्टैंड से मुंगेली-बिलासपुर की बस महाराणा प्रताप चौक पहुंची। इस दौरान एक बाइक सवार को ठोकर लग गई। अचानक लगी ठोकर के बाद युवक को गुस्सा आ गया और बस चालक को कॉलर पकड़ कर दो हाथ रसीद कर दिया, जिससे यहां भीड़ जमा हो गई। इसके बावजूद यातायात पुलिस झगड़ा सुलझाने नहीं पहुंची और लोग जाम में फंसे रहे।




**ट्रैफिक पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी को सड़कों पर भेजा** | प्रशिक्षु एसआई व थाने के बल संवेदनशील जगहों पर तैनात

# दुर्गोत्सवः 200 पुलिसकर्मियों पर ट्रैफिक का जिम्मा, फिर भी सड़कें जाम

**बिलासपुर।** शहर में दुर्गोत्सव के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमाओं का निहारने के लिए जन सैलाब उतर रहा है। यातायात व्यवस्था को बेहतर करने पुलिस विभाग ने 200 से अधिक पुलिस अधिकारी - कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसमें ट्रैफिक पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, प्रशिक्षु एसआई व थानों से बल शामिल है। लेकिन इसके बावजूद शहर में कई जगहों पर अभी से ही जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। हालत यह है कि एबुलेंस और जरूरतमंद लोगों को निकलने की जगह नहीं मिल रही है। ऐसे में पंडाल प्रबंधन और पुलिसकर्मियों की जवाबदेही बढ़ चुकी है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने यातायात विभाग व संबंधित थानों को दुर्गोत्सव के दौरान सड़कों पर उमड़ने वाली भीड़ के लिए सुगम यातायात व्यवस्था बनाने का निर्देश जारी किया है। 130 ट्रैफिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को मिलाकर 200 से अधिक सुरक्षाकर्मियों ड्यूटी लगाई है। इसमें होमगार्ड, एनसीसी के छात्र-छात्राओं, प्रशिक्षु एसआई व थानों का बल शामिल है। शाम 6 बजे से देर रात तक शहर के प्रमुख दुर्गा पंडाल में ड्यूटी लगी हुई है। शहर के चौक चौराहे पर बल तैनात है। सुरक्षा के मद्देनजर बाइक पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है। पुलिस का दावा है कि शहर में किसी जगह पर ट्रैफिकजाम की सूचना मिलते ही बाइक पेट्रोलिंग पार्टी को भेजा जा रहा है। यातायात थाने की 7 पेट्रोलिंग पार्टी व थानों की पेट्रोलिंग पार्टी लगातार क्षेत्र का निरीक्षण कर रहा है।





#### जाम से परेशानी, नाकाफी हो रही है व्यवस्थाएं

नवरात्र को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। षष्टी तिथि से सभी दुर्गा पंड़ालों में मां भगवती की प्रतिमा विराजमान हो जाएगी लेकिन जाम की स्थिति लगातार सामने आ रही है। शनिवार को तोरवा चौक पर इस कदर लोगों का हुजुम लगा था कि गाड़ियों को निकलने की जगह तक नहीं मिल रही थी, इस दौरान एम्बुलेंस वाहन फंस गई, एम्बुलेंस में मरीज भी थे, लेकिन भीड़ में करीब डेढ़ घंटे तक एम्बुलेंस को निकलने में काफी मशक्कत उठानी पड़ी। लोगों की भी गलती देखने को मिली, जहां रांग साइड से लोग बाइक और काम लाते रहे, जिससे स्थिति विकट हो गई। मध्यनगरी, तेलीपारा, गोड़पारा, तोरवा, दयालबंद, रेलवे कंस्ट्रक्शन कालोनी, मसानगंज सबसे संवेदनशील इलाकों में आते है लेकिन यहां हमेशा जाम की स्थिति रहती है। सबसे खास बात यह है कि सड़कों पर गुमटी और ठेले मौजूद रहते है और कई सड़कों पर यातायात को बाधित करने वाले कारण मौजूद है। ऐसे में पुलिस और निगम प्रशासन को सड़कों में मौजूद इन बिल्डिंग मटेरियल, बाहर निकली दुकानें पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

#### गोड़पारा मां दुर्गा स्थल का पार्किंग

- लाल बहादूर शास्त्री स्कूल परिसर
- हैप्पी स्ट्रीट
- बाजपेयी मैदान
- कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग
- रामसेतु सरकण्डा की ओर निर्माणाधीन न्यू रिवरव्यू
- फुटबाल ग्राउंड
- देवकीनंदन स्कूल परिसर

#### रास डांडिया महाराणा प्रताप चौक पार्किंग

- गरबा डांडिया परिसर
- भाटिया पेट्रोल पंप के पास

#### चाक चौबंद व्यवस्था

200 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जहां ट्रैफिक का दबाव अधिक होगा यथासंभव छोटे वाहन एवं पब्लिक ट्रांसपोर्ट के वाहन जाएगें। पंडाल परिसर में कहीं भी वाहन को प्रवेश न करें। एंट्री और एक्जिट मार्ग में ही चलें। चाक चौबंद व्यवस्था है।

**-रामगोपाल करियारे**, ट्रैफिक एडीशनल एसपी

### कालोनीवासियों ने पार्षद को जमकर खरी-खोटी सुनाई

# वसुंधरा नगर में सड़क निर्माण को लेकर हंगामा लोगों ने रुकवाया काम, पार्षद का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिंग रोड 2 स्थित वसुंधरा नगर में सड़क-नाली बनाने की मांग को लेकर लोगों ने हंगामा कर दिया। कालोनीवासियों ने शिकायत करते हुए कहा कि जो सड़क पहले से बनी हुई है उसी को फिर से दोबारा बनाकर बजट की अफरातफरी की जा रही है, जबकि जहां पर कच्ची सड़क तक नहीं है और लोगों को गड्ढों और उसमें भरे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, वहां से सड़क नहीं बनाई जा रही है।

■ **जानबूझकर सड़क नहीं बनवाने का आरोप लगाया**

लोगों ने नई बन रही सड़क का काम रुकवा दिया और दो घंटे से अधिक समय तक विरोध किया। मौके पर पहुंचे पार्षद भरत कश्यप को भी लोगों ने जमकर खरी खोटी सुनाई और जानबूझकर सड़क नहीं बनवाने का आरोप भी लगाया। पार्षद के आश्वासन और समझाइश के बाद लोग शांत हुए। हालांकि चेतावनी दी गई है कि जल्द ही सड़क नहीं बनी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

रिंग रोड 2 स्थित वसुंधरा नगर वार्ड क्रमांक 19 के अंतर्गत आता है। यहां मुख्य सड़क से लेकर 160 मीटर लंबी और साढ़े पांच मीटर चौड़ी बनाने के लिए टेंडर जारी किया गया है। यह काम साढ़े 9 लाख रुपए में ठेकेदार कमल सिंह को मिला है। शनिवार की सुबह ठेकेदार ने काम शुरू किया तो कुछ कालोनीवासियों ने काम रुकवा दिया और विरोध करने लगे। इससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। यहां के निवासी एके दीवान, शरद पांडे, सचिन सोनी, मुकेश खांडे, शिव चंद्राकर, आयुष कुमार, कुमारी पात्रों, आस्था पांडे, जयलक्ष्मी मधुकर, बबली और रसिका ने बताया कि जो सड़क बनाई जा रही है वह पहले से बनी है। उस पर सिर्फ लीपापोती की जा रही जिसकी जरूरत नहीं है। इससे आगे की सड़क और कालोनी के अंदर जो रास्ता जाता है वहां सड़क बनाने की मांग पिछले पांच साल से की जा रही है लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है।



विरोध-प्रदर्शन करते वसुंधरा नगर के नागरिक।



कालोनी की खराब सड़क को लेकर विरोध करते लोग।

#### टैक्स और बिजली बिल भर रहे

लोगों के मुताबिक पार्षद से लेकर विधायक और कलेक्टर कमिश्नर तक से गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। सुशासन तिहार के दौरान भी वार्डवासियों ने सड़क के साथ नाली बनाने की मांग को लेकर आवेदन दिया था। इसके बाद भी कहीं कुछ नहीं हुआ। कालोनीवासियों का कहना है कि कई बार पार्षद भरत कश्यप से मुलाकात की गई, लेकिन हर बार आश्वासन मिलता है और कह दिया जाता है कि कालोनी अवैध है इसलिए सड़क नहीं बन रही है। लोगों के मुताबिक यहां के सभी घरों के नक्शे पास हैं। सभी लोग निगम के सभी टैक्स और बिजली के बिल नियमित तौर पर भरते हैं। इसके बाद भी अवैध कहना सही नहीं है। कई लोगों ने नियमितिकरण भी करा लिया है, इसके बाद भी स्वंय पार्षद का अवैध कहना सही नहीं है।

#### जल्द मिल जाएगी मंजूरी

जब कालोनी बननी शुरू हुई थी उस समय अधिकांश घर अवैध प्लाटिंग में बनाए गए थे। इसलिए निगम से सड़क बनाने की मंजूरी नहीं मिल रही थी। अब कालोनी के मकान नियमित हो गए तो सड़क, नाली के लिए निगम के पास प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी और काम शुरू कराया जाएगा।

**- भरत कश्यप**
पार्षद, वार्ड क्रमांक 19

# महाराणा प्रताप चौक के पास गुण्डों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाराणा प्रताप चौक शराब शराब दुकान के पास देर रात तक गुण्डे बदमाश खुलेआम आतंक मचा रहे हैं। राहगीरों को रोककर जबरिया पैसे की मांग की जा रही है, पैसे नहीं देने पर मारपीट कर वाहनों को लूटने की कोशिश की जा रही है। इस इलाके में पुलिस की पेट्रोलिंग नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद हैं।

■ **राहगीरों से कर रहे अवैध वसूली**

इन दिनों चौक के आसपास बड़े आयोजन हो रहे हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना रहता है। नशेड़ी बदमाश इसका फायदा उठाकर लोगों से अवैध वसूली करने में लगे हुए हैं। पूर्व में नशेड़ी युवकों के द्वारा सड़क पर आने जाने वाले वाहन सवारों पर पथराव कर दहशतगर्दी मचाई जा रही थी। शराब दुकान के पास ई रिक्शा चालकों के द्वारा बस से उतरने वाले यात्रियों को जबरिया अपने गाड़ी में बैठाने की कोशिश की जाती थी, यात्रियों के नहीं बैठने पर गुण्डागर्दी कर उनके साथ मारपीट की जा रही थी।

मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस के द्वारा सख्ती से कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक ई रिक्शा वाहन को जब्त कर चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की थी। उसके बाद पुलिस ने इलाके को खुला छोड़ दिया, इसका नतीजा यह है कि इस क्षेत्र के गंडे बदमाश फिर सक्रिय हो गए हैं।

#### कार्रवाई की जाएगी

देर रात शराब दुकान के पास खड़े होने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कराई जाएगी। पूर्व में वहां पर जांच कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

**-निमितेश सिंह परिहार**
सिविल लाइन सीएसपी

# टिटलागढ़ पैसेंजर से 9 लाख के जेवर पार

**बिलासपुर।** टिटलागढ़ पैसेंजर में बिलासपुर से रायगढ़ तक सफर कर रही महिला यात्री के बैग में रखे 9 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर अज्ञात चोर ने पार कर दिया। मामले की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर लिया गया है।

बिलासपुर रेल मंडल के रायगढ़ रेलवे स्टेशन में सुंदरलाल साहू पीडब्लूआई के पद पर कार्यरत हैं। सुंदरलाल साहू की पत्नी राजकुमारी साहू 23 सितम्बर की सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर बिलासपुर से रायगढ़ तक टिटलागढ़ पैसेंजर में जाने के लिए बिलासपुर स्टेशन पहुंची थी। 7 बजकर 30 मिनट पर पैसेंजर प्लेटफार्म नम्बर 4-5 से बिलासपुर से टिटलागढ़ के लिए रवाना हो गई। रेल कर्मचारी की पत्नी राजकुमारी साहू जिस कोच में सफर कर रही थी। इसी कोच में एक अंजान व्यक्ति भी सवार हुआ। राजकुमारी साहू ने अपने पास रखे बैग को बर्थ के नीचे रख दिया। उक्त व्यक्ति ने रेल कर्मचारी की पत्नी से नीचे रखे बैग को ऊपर बर्थ में रखने की बात कही, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। रेल कर्मचारी की पत्नी ने व्यक्ति को बैग में जेवरात होने की जानकारी देते हुए बर्थ के नीचे रहने की बात कही। गतौरा स्टेशन में ट्रेन पहुंचने के उपरांत महिला के बैग में रखे सोने चांदी के जेवरात गायब हो गए। रेल कर्मचारी सुंदरलाल साहू के अनुसार बैग में करीब 7 तोला सोने के जेवरात और 21 तोला चांदी के पायल सहित करीब 9 लाख रुपए से अधिक के जेवरात थे।



#### शिकायत 2 लाख 70 हजार की

रेल कर्मचारी सुंदरलाल साहू के अनुसार उनकी पत्नी के पास रखे बैग का चेन खोलकर करीब 9 लाख के सोने-चांदी के जेवरात पार हुए थे। वहीं जीआरपी ने प्रार्थी की शिकायत के बावजूद चोरी किए गए जेवरात की कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए के आसपास दर्ज की है। जीआरपी प्रभारी राकेश वर्मा ने बताया कि रेल कर्मचारी की पत्नी के जेवरात चोरी होने के उपरांत शिकायत रायगढ़ स्टेशन में दर्ज कराई गई थी। वहां से डायरी आने के बाद अपराध बिलासपुर में कायम किया गया है। फिलहाल रेल कर्मचारी सोने-चांदी के जेवरात की कीमत जितनी बता रहे हैं, उतनी नहीं है। जीआरपी थाने में जेवरात की कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए के करीब कायम की गई है।

# सुसाइड करने का मैसेज डालकर घर से निकला इंजीनियर, पुलिस कर रही तलाश

**बिलासपुर।** मोबाइल में सुसाइड करने की बात लिखकर इंजीनियर घर से निकल गए, मोबाइल में मैसेज देखकर परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस व परिजन युवक के तलाश में लग गई है।



अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट निवासी गौरव सवन्नी 30 साल बैंगलोर में इंजीनियर है। रिश्तेदार नीरज माखिजा ने बताया, शाम 7.30 बजे गौरव घर में किसी को बिना बताए निकल गया है। उन्होंने उसका मोबाइल देखा तो स्क्रीन में एक लड़की का नाम लिखा था और उसने सुसाइड करने की बात लिखी है, सुसाइड करने की जिम्मेदार लड़की को बताया है। परिजन ने सिविल लाइन सीएसपी, टीआई से मिलकर घटना की जानकारी दी। पुलिस के द्वारा तत्काल कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले में युवक के लापता होने की जानकारी दी गई। उसके बाद पुलिस युवक के तलाश में जुट गई है। देर रात तक युवक को पता नहीं चल पाया था।

### बेटे ने पिता पर धारदार हथियार से किया हमला

**बिलासपुर।** 100 रुपए को लेकर मां से विवाद करने पर बेटे से पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंगालीपारा गली नम्बर 3 निवासी रनमत सिंह मरावी पिता लक्ष्मण सिंह मरावी सिम्स हास्पिटल में सिक्यूरिटी गार्ड का काम करते हैं। 26 सितंबर की शाम 7 बजे वह अपनी पत्नी जैत कुमारी मरावी काम पढ़ने पर 100 रुपए मांगा। उसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। रात 11 बजे उसी विवाद को लेकर उनकी पत्नी जैतकुमारी मरावी, बेटा सौरभ मरावी, सिद्धार्थ गाली देने लगे। मना करने पर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान उनका बेटा सिद्धार्थ ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




# चाकलेट खिलाने का झांसा देकर छह साल की बच्ची से दुष्कर्म

**बिलासपुर।** चाकलेट खिलाने का झांसा देकर नाबालिग सहित तीन युवक 6 साल की बच्ची को खेत लेकर गए और नाबालिग ने बच्ची से अनाचार किया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ **नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार**

सीपत पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक 6 साल की बच्ची 21 सितंबर को घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान देवरी निवासी अंकुश, अजीत व एक नाबालिग बच्ची को चाकलेट खिलाने का झांसा देकर अपने साथ लेक गांव से दूर एक खेत में लेकर गए। वहां नाबालिग ने बच्ची के साथ अनाचार किया और दोनों युवक खड़े होकर लोगों पर निगरानी रख रहे थे। उसके बाद बच्ची को गांव में लाकर छोड़ दिए। बच्ची ने घटना की जानकारी मां को दी। उसके बाद गांव में दोनों पक्ष के बीच बातचीत होती रही। शुक्रवार को बच्ची के घरवालों ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनस की धारा 49 व 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।














सद्भावना समिति टिकरीपारा, जय बजरंग समिति रामसदन


गुप्ता पारा दुर्गा उत्सव समिति, तखतपुर।


तमेरपारा दुर्गा उत्सव समिति, तखतपुर।


छत्तीसगढ़ दुर्गोत्सव समिति कुम्हारपारा मुंगेली।


एकता दुर्गोत्सव समिति मुंगेली।


मां महामाया दुर्गोत्सव समिति मुंगेली।


मां सर्वसिद्धि दुर्गोत्सव समिति मल्हापारा मुंगेली।


नवनीत मंडल सेवा समिति मुंगेली।



ओम शांति दुर्गोत्सव समिति मुंगेली।


ओम श्री हनुमंत सेवा समिति मुंगेली।


युवा शक्ति दुर्गोत्सव समिति मुंगेली।

# अंचल में नवरात्र की धूम, देवी मंदिरों में लग रही भीड़


तखतपुर स्थित होलिका चौक विराजीं मां दुर्गा।

# पांचवें दिन स्कंदमाता के रूप हुई माता की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



शारदीय क्वांर नवरात्र के पांचवे दिन मां डिडनेश्वरी देवी की विशेष पूजा शक्ति स्कंदमाता के रूप में हुई। सुबह विशेष श्रृंगार के बाद माता की षोडशोपचार पूजन के बाद भव्य मंगल आरती हुई। साथ ही नवरात्र में होने वाले नियमित अनुष्ठान भी आचार्य ने संपन्न कराए।

शनिवार को भी 5 हजार भी ज्यादा श्रद्धालुओ ने माता का दर्शन कर मनवांछित फल की कामना की। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जमीन नापते हुए मंदिर पहुंचे। शाम की भव्य मंगल आरती में सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे, जिसमे महिलाओं की संख्या अधिक रही। छुट्टी के दिन होने की वजह से आज रविवार को 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के मंदिर दर्शन करने पहुचने की उम्मीद है। मंदिर परिसर में देवी भागवत की संगीतमय कथा का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसे श्रवण करने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

## सिध्द शक्तिपीठ महामाया मंदिर में जसगीत व मतासेवा



**पथरिया।** शारदीय नवरात्र पर्व को उत्साहपूर्ण रूप से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन दर्शनार्थीओ की भीड बढ रही है। जसगीत मंडलियो द्वारा सेवा गीत के माध्यम से जागरण हो रहा है। महामाया मंदिर मे शिव शक्ति महिला जसगीत मंडली तखतपुर के द्वारा सुन्दर भाव के साथ सेवा गीत प्रस्तुत कर भाव विभोर किए ।इस अवसर पर संरक्षक जसपाल पाल सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष लल्लू राम जायसवाल, कोषाध्यक्ष बराती राम साहू, उपाध्यक्ष गयाराम डडसेना, गेदराम श्रीवास, सचिव बलराम जायसवाल, सहसचिव रमेश साहू,तिजऊ निर्मलकर बैगा बलराम मरकाम, पुजारी गोकुल दास, मोहित पटेल, शंकर पटेल, संतराम निषाद, सिध्द राम पटेल, शामनाथ निषाद, गोपाल पटेल, भरत विश्वकर्मा, आदि ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## नवरात्र पर निकली भव्य चुनरी यात्रा, उमड़े श्रद्धालु



**गौरेला।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर धर्म जागरण समन्वय एवं सर्व हिन्दू समाज गौरेला के तत्वाधान में माता की भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। धर्म जागरण समन्वय एवं सर्व हिन्दू समाज के द्वारा भव्य चुनरी यात्रा गौरेला के संजय चौक स्थित राधा कृष्ण मंदिर से निकाली गई जो गांधी चौक होते हुए रेस्ट हाउस रोड स्थित मरही माता मंदिर होकर वापस खेर माई मंदिर पहुंची जहां खेर माई मंदिर में महाआरती की गई! चुनरी यात्रा में भव्य नौ दुर्गा की जीवंत झांकी भी बनाई गई! चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं के द्वारा सहभागिता प्रदान की गई यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर धर्म जागरण समन्वय के दीपक शर्मा, वरुण मेंठवानी, सुनील सोनी, तीरथ प्रसाद बड़गैया, आयुष पांडे, बृजलाल सिंह राठौर, जयप्रकाश शिवदासानी, तापस शर्मा, दीपक खंडेलवाल, भूपेंद्रराठौर, संदीप जायसवाल, आशुतोष दुबे सहित बड़ी संख्या में माताएं बहने, धर्म जागरण के कार्यकर्ता एवं सर्व हिन्दू समाज के जन उपस्थित रहे।

# गौरेला पहुंचकर अमर ने की नर्मदा मंदिर में पूजा-अर्चना



**गौरेला।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल एक दिवसीय प्रवास पर गौरेला पहुंचे और अमरकंटक में मां नर्मदा मंदिर में दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्री अग्रवाल ने कल्याण बाबा कल्याण दास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और गौरेला मरही माता मंदिर में पूजा कर अखंड ज्योत का दर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने गौरेला के राम मंदिर में पूजा-अर्चना की। नगर पालिका उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने भाजपा पदाधिकारियों एवं परिवारजनों के साथ अमर अग्रवाल का स्वागत अभिनंदन किया। इसके बाद युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी गोपाल अग्रवाल के निज निवास पहुंच कर सिद्ध बाबा दुर्गा पूजन समिति समता नगर गौरेला में माता की आरती में शामिल होकर पुण्य प्रसाद प्राप्त किया। गोपाल अग्रवाल ने मित्र जनों के साथ अमर अग्रवाल का जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद गौरेला उपाध्यक्ष रोशनी शर्मा, कल्लू सिंह राजपूत, महेंद्र सोनी, जयप्रकाश शिवदासानी, रितेश फरमानिया, द्वारिका सोनी बृजलाल राठौर, बालकृष्ण अग्रवाल, संदीप जायसवाल, तापस शर्मा, संतोष तिवारी, अमित मेठवानी, सचिन जैन, अंकुर गुप्ता, दीपक बंसल, सौरभ अग्रवाल, मनीष जायसवाल, शंकर सोनी, आशुतोष मिश्रा, मोनू राजपूत, बिलासपुर से रोशन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## नगर के महामाया मंदिर में उमड़ रही आस्था



**सरगांव।** नगर पंचायत सरगांव के प्रमुख मंदिर महामाया मंदिर में शक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र की धूम है। साथ ही नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर भव्य देवी पंडाल स्थापित किए गए हैं, जिसमें मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा शोभायमान हो रही है। इसके अलावा जसगीत, जगराता के बीच देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति जगमगती नजर आ रही। महामाया मंदिर के पुजारी ने बताया कि, महामाया मंदिर में इस वर्ष 392 ज्योति कलश प्रज्वलित हुई हैं, जिसमें से 28 घी तथा 364 तेल ज्योति कलश हैं, जो पिछले वर्ष से तकरीबन 50 ज्योति कलश ज्यादा है। इससे यह प्रमाणित होता है कि, नगर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के लोगों की भी मंदिर के प्रति आस्था बढ़ रही है।



## नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने महामाया मंदिर में जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र

**बिल्हा।** नवरात्रि पर छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की संरक्षक एएसपी रायगढ़ सुरेशा चौबे के निर्देशन एवं प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह के मार्गदर्शन, प्रदेश युवा अध्यक्ष अजय कश्यप की अध्यक्षता में रतनपुर महामाया मंदिर प्रागण में जरूरतमंदों को नए वस्त्रो एवं फल का दान किया गया। फाउंडेशन की सरक्षक सुरेश चौबे ने कहा कि हमें इस पहल के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्गों की मदद करने का अवसर मिला है। हमारा मानना है कि हर व्यक्ति को सम्मानजनक और आरामदायक जीवन जीने का अधिकार है, और यह वस्त्र दान उसी दिशा में एक छोटा सा प्रयास है। इस अवसर पर प्रदेश युवा अध्यक्ष अजय कश्यप, जिला अध्यक्ष अरविन्द साहू, महिला अध्यक्ष ममता सोनी जिला उपाध्यक्ष रोहिणी अग्रवाल सहसचिव बृजनंदन साहू सदस्य सुशील यादव कृष्णा गोइंग पवन छाबड़ा लोकेश्वरी राठौर शांति चौधरी सविता यादव उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह के साथ में आए संस्था के जिला रायगढ़ के प्रभारी अरुण सिन्हा और उपाध्यक्ष विवेकानंद दुबे को भी जिला की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

## पत्नी के साथ गरबा महोत्सव में शामिल हुए साव



**लोरमी।** डिप्टी सीएम अरुण साव ने पुलिस ग्राउंड में आयोजित भव्य गरबा महोत्सव में पत्नी के साथ सम्मिलित होकर माता रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मां की भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण इस आयोजन में प्रतिभागियों ने मां की आराधना की और उनके साथ गरबा में शामिल होकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान श्री साव ने गरबे का जमकर आनंद उठाया।

## भजन संध्या में शामिल होंगे तोखन व मोहले

धरमपुरा। ग्राम कुआंगांव में श्री गौरी शंकर दुर्गोउत्सव समिति की ओर से सोमवार 29 सितंबर को रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू तथा क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल होंगे। साथ ही रात्रि में लोक कलाकार भजन गायक भागवत कश्यप का कार्यक्रम भी आयोजित है। उक्त जानकारी नीलकंठ कश्यप ने दी है।



5. मां महामाया चौक समिति, पटेल पारा समिति, तखतपुर।


जय बजरंग दुर्गा उत्सव समिति वार्ड क्रमांक 11 सरगांव।


यंग स्टार दुर्गा उत्सव समिति वार्ड क्रमांक 10 सरगांव।



काली मंदिर समिति तखतपुर। सारथी पारा मुंगेली


मां महामाया समिति फुलवारी तखतपुर।



रेस्टहाउस ग्राउंड दाऊपारा। रामगढ़ समिति मुंगेली।



माता महारानी समिति मुंगेली। नवयुवक समिति मुंगेली।



ओम बाल दुर्गोत्सव समिति मुंगेली। न्यू डायमंड समिति सरगांव।


बोलबम दुर्गा उत्सव समिति मंडी चौक तखतपुर।


सुभाष नगर दुर्गा उत्सव समिति तखतपुर।


संगमनगर दुर्गा उत्सव समिति तखतपुर।

## खबर संक्षेप

### विष्णु बने नगर साहू समाज के अध्यक्ष



**पथरिया।** मंगलवार को नगर साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में समाज के संरक्षक ओमप्रकाश साहू, अध्यक्ष रामकुमार साहू, निर्णायक समिति के पवित्र साहू सम्मिलित हुए। इस दौरान अध्यक्ष के रूप में विष्णु साहू, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, महिला उपाध्यक्ष नंदिनी साहू, संगठन सचिव रुक्मणी साहू एवं सचिव के रूप में सुरेश साहू को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। बैठक ग्राम जुनवानी के सामाजिक भवन में आयोजित की गई, निर्वाचन के बाद पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा से सामाजिक विकास और कल्याण के लिये कार्य करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष विष्णु साहू ने वरिष्ठ जनों से आशीर्वाद लेकर सभी का आभार जताया। इस अवसर पर बबला साहू, बुधारी साहू, प्रहलाद साहू, विष्णु साहू, संतोष साहू, राजू राम साहू, नवल साहू, मंत्री साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

### बंग समाज और लायनेस क्लब के सदस्यों ने किया रक्तदान



**पेंड्रा।** रक्तदान शिविर पखवाड़ा अभियान के तहत जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में नर्मदांचल बंग समाज, लायनेस क्लब और रेलवे स्टाफ ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नर्मदांचल बंग समाज की ओर से मोनी चट्टोपाध्याय, बीना रानी मंडल और डॉ सुषमा विश्वास के नेतृत्व में राजा रक्षित एवं अपराजिता मंडल ने रक्तदान किया। साथ ही अन्य रक्तदाताओं को फल व जूस वितरित कर निरंतर रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। ऑल इंडिया लायनेस क्लब से जिला अध्यक्ष मोनी चट्टोपाध्याय, शिखा राव, बबिता यादव, प्राची श्रीवास्तव और सुषमा कुमार ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। रेलवे स्टाफ के सदस्यों ने भी रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। प्रदेशव्यापी इस रक्तदान अभियान का उद्देश्य राज्य में रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना और अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना है। अस्पतालों और ब्लड बैंकों में समय-समय पर होने वाली रक्त की कमी को देखते हुए ऐसे शिविर अनेक जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए संदीप का चयन

**करगी रोड कोटा।** एलसीआई टी कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स द्वारा आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय



पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग के 21 महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में केशरवानी महाविद्यालय कोटा के खिलाड़ियों ने क्रीडा अधिकारी राजेश सिंह के नेतृत्व में भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता के माध्यम दुर्गा महाविद्यालय रायपुर में आयोजित होने वाली आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर सेक्टर की टीम का चयन किया जाना था। महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्र संदीप कुमार परिक्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर बिलासपुर सेक्टर की टीम में अपना जगह बनाई। महाविद्यालय के छात्रों का ऐसे प्रतिस्पर्धाओं में चयन बाकि सभी अध्यनरत छात्र-छात्राओं के मनोबल और खेल अभिरूचि में वृद्धि करता है। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। उनकी टीम भावना, संगठन और संचालन ने विपक्षी टीम को कड़ी चुनौती दी। टीम मैनेजर के रूप में महाविद्यालय के ग्रंथपाल विकास कुमार जायसवाल शामिल रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ नाज बेंजामीन ने कहा कि, इस ग्रामीण अंचल में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए केशरवानी महाविद्यालय के छात्रों में पूर्व से ही क्रीड़ा करने की ललक और उत्साह देखने को मिला है।

### ग्रामीण क्षेत्रों के शिशु मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बेलतरा।** ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों का संस्कृति महोत्सव गत दिनों सरस्वती शिशु मंदिर नगोई बैमा में संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सात संकुलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्कृति महोत्सव में बच्चों ने कहानी, कथा कथन, वंदे मातरम गायन, गीत गायन, प्रश्न मंच, रंगोली जैसे अनेक विधाओं में भाग लिया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर तिलक राम साहू पार्षद एवं गौरी शंकर कटकवार सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रांत प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम भारती बिलासपुर के जिला अध्यक्ष अनूप कुमार पांडेय ने की। इस मौके पर गौरी शंकर कटकवार ने कहा कि, हमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के भाव से कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। पार्षद तिलक साहू ने सरस्वती शिशु मंदिर योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि, शिशु मंदिर के माध्यम से बच्चों को संस्कारित करने का प्रयास विद्या भारती के माध्यम से सतत जारी है। कार्यक्रम के सफल बनाने में प्राचार्य बसंत सिंह ठाकुर, योगेश शर्मा, सुमित्रा वर्मा, जिला समन्वयक कैलाश चंद्रवंशी, दिनेश प्रजापति, महेश सूर्यवंशी तथा समस्त संरक्षक आचार्य दीदियों का विशेष योगदान रहा।

नवरात्र पर श्रद्धालुओं को करना पड़ रहा समस्या का सामना

# प्रशासनिक उदासीनता से मुख्य मार्ग जर्जर, पैदल चलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मल्हार

लोक निर्माण विभाग के अधीन मल्हार का इकलौता मुख्य मार्ग अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। विभागीय उदासीनता के चलते इस मार्ग में लोगों का चलना भी दूभर हो गया है। सबसे बदतर स्थिति बस स्टैंड से मेला चौक तक है, जहां सड़क पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं कि, मोटरसायकल चालकों के रास्ता ढूंढने के लिए गाड़ी से उतरना पड़ता है।

शनिवार को एक मार्मिक दृश्य देखकर नगरवासियों के आंखे नम हो गईं, जब एक श्रद्धालु भयंकर कीचड़ पार कर जमीन नापते हुए माता डिडनेश्वरी के दरबार पहुंचे। जब श्रद्धालु बस स्टैंड से मेला चौक के बीच जर्जर व कीचड़ से सराबोर सड़क में लेटकर जमीन नाप रहे थे, तब कई लोगों ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो के वायरल होते ही सड़क को लेकर लोग कमेंट कर शासन-प्रशासन को कोसने लगे। बरसात होने पर रास्ता पूरी तरह पानी मे डूब जाता है, जिसके कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। वर्षों पहले विभाग ने सड़क के एक तरफ नाली तो बनवा दिया, लेकिन नाली के लेबल को ध्यान में नहीं रखा गया। इस कारण पानी की निकासी नही हो पाती, और बारिश के साथ-साख बरसात व घरों का पानी भी सड़क में जमा होता है।





गड्ढे में भरे पानी से लोटकर माता के दरबार जाता श्रद्धालु एवं जर्जर सड़क।

बस स्टैंड से मां डिडनेश्वरी मंदिर तक के मात्र डेढ़ किमी सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इसके अलावा यग मार्ग अत्यंत सकरा भी है, जिसके चलते आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती रहती है। यहां तक पहुचते-पहुचते लोग हलाकान हो जाते हैं। एक तरफ संकरी रोड तो दूसरी तरफ गड्ढे से अंदाजा लगाया जा सकता है कि, आवागमन में लोगो को किस तरह परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा।

बस स्टैंड से मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण की मांग कई बार हो चुकी है, लेकिन शासन प्रशासन का ध्यान इस तरफ अब तक नहीं गया है, जिसके चलते मल्हार का व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं टूरिज्म के लिए आने वाले लोग मुख्य मार्ग की दुर्दशा देखकर दूसरी बार मल्हार आने के लिए सोचते हैं। यह इकलौता मुख्य मार्ग है, जो मल्हार की बस्ती व मंदिर के अलावा आसपास के कई गावों को जोड़ता है, साथ ही जांजगीर चाम्पा जिले से भी संपर्क कायम करता है। ऐसे में इतनी महत्वपूर्ण सड़क का जीर्णोद्धार व चौड़ीकरण का अब तक नहीं होना स्थानीय जनप्रतिधि, क्षेत्रीय विधायक व सांसद की विकास की बातों को खोखला साबित करता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि, जब तक इस मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण नही होगा, तब तक धर्मनगरी मल्हार का व्यापार व पर्यटन आगे नहीं बढ़ सकता।

**श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ रही**

वर्तमान में शारदीय क्वांर नवरात्र का पर्व चल रहा है, ऐसे में बाहरी श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता डिडनेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन श्रद्धालुओं के मल्हार प्रवेश करते ही ऐसी सड़कों से गुजरना पड़ रहा है, जो पैदल चलने लायक भी नहीं हैं। मुश्किल से इस उबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरने के बाद लोग मेला चौक के बाद संकीर्ण रास्ते की वजह से घंटो जाम में फंसे रहते हैं।

**वर्षो से उपेक्षित है यह मार्ग**

नगर के इस इकलौते मुख्य मार्ग की स्थित विगत कई वर्षो से कुछ ऐसी ही बनी है। इसको लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने समय-समय पर उच्चाधिकारियों के साथ विधायक, मंत्री व सांसद को भी अवगत कराया, लेकिन नतीजा शून्य रहा।

## सिलतरा एंव रोहराकला में बनेगा सब स्टेशन



**पथरिया।** पथरिया विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिलतरा एंव रोहराकाला में 33 केवी का सब स्टेशन बनेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना में स्वीकृति हुई है। काफी लम्बे समय से सिलतरा एंव रोहराकला में सब स्टेशन के लिए मांग क्षेत्रवासियो द्वारा किया जा रहा था, जिसको लेकर ग्राम पंचायतो के जनप्रतिनिधि एंव ग्रामवासियों ने इस विषय को लेकर शासन से सब स्टेशन बनने का मांग रखी थी।

■ ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय विधायक का जताया आभार

अब ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद से मुख्यालय ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना में इसकी स्वीकृति दे दी है। इस बड़ी मांग पूरी होने पर ग्राम सिलतरा एंव रोहराकाला के ग्रामीणों द्वारा बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के निवास पहुंच आभार व्यक्त किया। वही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी धन्यवाद ज्ञापित किया, जहां पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जगदीश वर्मा एंव भाजयुमो अध्यक्ष ने राजेंद्र साहू ने कहा कि क्षेत्र मे में सब स्टेशन खुलने से आस-पास के ग्रामीण इलाकों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सिलतरा ग्रामवासी मे पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जगदीश वर्मा, सरपंच सिलतरा तामेश्वर वर्मा, टीकाराम वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मोहन साहू,जीवन मरावी, तुकाराम मरावी, भरत कुमार साहू, घनश्याम वर्मा, ओंकार वर्मा, रघुराज वर्मा, मनहरण वर्मा, नीतीश वर्मा, थीमेश साहू, तोरण साहू, भुनेश्वर वर्मा, धुरसाय साहू,नरेंद्र वर्मा, राधेश्याम वैष्णव, बल्लू वर्मा, प्रीतम वर्मा, मनोहर साहू, कोमल चंदेल, रोहित मरावी, दिले यादव, आदित्य वर्मा, ललित वर्मा, बलदाऊ यादव, विनोद मरावी रहे।

## आयुष विभाग के स्वास्थ्य शिविर में 546 रोगियों की जांच



**मल्हार।** नवरात्र के अवसर पर आयुष विभाग की ओर से मल्हार स्थित माता डिडनेश्वरी मंदिर प्रांगण में विकासखंड स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस दौरान डाक्टरों की टीम ने 546 रोगियों की जांच की एवं उन्हें औषधियां उपलब्ध कराई।

शिविर प्रभारी डॉ श्वेता पाण्डेय ने बताया कि, आयुष विभाग की ओर से लोगों को आयुर्वेद के लाभ और उन्हें उपचार उपलब्ध कराने के लिए मल्हार में शिविर लगाया गया है। शिविर में ज्वर, श्वास, कास, अरुचि, बात, व्याधि एवं स्त्री रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा पहुंची। शिविर का शुभारंभ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल केवट ,चौकी प्रभारी ओंकारधर दीवान, ओमप्रकाश पाण्डेय, संजीव पाण्डेय एवं संतोष केवट ने की। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ यशपाल ध्रुव के मार्गदर्शन में शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में मस्तूरी क्षेत्र के चिकित्सक डॉ अमित पाल जुनेजा, डॉ गणेशी पात्रे, डॉक्टर गरिमा पटेल, डॉ नीरज मिश्रा, डॉ पूजा पाटले, डॉ निशांत कौशिक, डॉ आरती गायकवाड़ एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों में डॉ पंकज पटेल और डॉ सत्येंद्र ने रोगियों का उपचार कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में आयुष विभाग के कर्मचारी अमरकंठ, तोताराम लहरे, विशकांति लहरे ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### पाम ऑयल खेती के प्रशिक्षण हेतु 90 कृषकों के दल रवाना



**मुंगेली।** पाम ऑयल की खेती हेतु तकनीकी प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतु बागबाहरा के बालेसर के लिए जिला पंचायत के कृषि स्थाई समिति के सभापति उमाशंकर साहू एवं उद्यानिकी विभाग की उपसंचालक भगवती साहू ने जिले के 90 कृषकों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपसंचालक सुश्री साहू ने बताया कि, जिले में अधिक से अधिक पाम ऑयल की खेती की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत पाम ऑयल की खेती हेतु किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है एवं जिले में इस फसल की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि बालेसर पहुंचने पर प्री यूनिक एशिया प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिसर देवेंद्र कुमार तिवारी द्वारा कृषकों को पाम ऑयल की खेती की उन्नत तकनीक, रख-रखाव तथा फसल से होने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी दी जाएगी।

## केशरवानी वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**लोरमी।** केसरवानी वैश्य समाज के नगर सभा, महिला व तरुण सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हर्षोल्लासपूर्वक सीता पैलेस में सम्पन्न हुआ। समाज के वरिष्ठ लोगों ने कश्यप जी की पूजा-अर्चना कर समाज के संरक्षकों का श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। राम कुमार केसरवानी, शिव कुमार केसरवानी, रत्नमानी केसरवानी, छेदीलाल गुप्ता, नूतन गुप्ता, संजय केसरवानी जानकी देवी केसरवानी, परमेश्वरी देवी गुप्ता का श्रीफल व फूल माला के साथ सम्मान किया गया।

प्रारंभ में अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ केसरवानी वैश्य सभा रतनमणि केसरवानी ने केसरवानी वैश्य नगर सभा, महिला सभा एवं तरुण सभा लोरमी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। उक्त अवसर पर समाज की महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। साथ ही पिछले अध्ययन के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद केसरवानी वैश्य नगर सभा लोरमी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष परमेश्वर गुप्ता ने अपना अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया एवं सभी आगंतुकों अतिथियों एवं समाज के सदस्यों का आभार प्रदर्शित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में परमेश्वर गुप्ता अध्यक्ष, उपाध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, महामंत्री आनंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष संदीप केसरवानी, सह सचिव महावीर केसरवानी, राकेश गुप्ता, संगठन मंत्री विकास केसरवानी, सांस्कृतिक सचिव धर्मेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता को बनाया गया। इसी तरह महिला सभा में मिथिला केसरवानी को अध्यक्ष एवं श्वेता केसरवानी, सुलेखा केसरवानी, नीतू नंदकिशोर गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह महामंत्री कविता केसरवानी, कोषाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष संध्या गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव सारिका गुप्ता, अलका गुप्ता, सह सचिव पूजा शुभम गुप्ता, साक्षी गुप्ता व अंजली गुप्ता को चुना गया।

## जोन स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

संकुल केंद्र सेमरसल में विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित जोन स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जोन के सेमरसल, गैंजी, पठारीकापा, खेकतरा संकुल के विद्यालय से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों ने हिस्सा लिया।

पूर्व माध्यमिक स्तर पर शास पूर्व माध्यमिक शाला गैंजी से गणित विषय में मोनिका कश्यप तथा विज्ञान में छत्र कुमार कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल स्तर में विज्ञान में अनामिका कश्यप एवं गणित विषय में हाई स्कूल गैंजी की प्रीति कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार जोन से चारों स्थान पर संकुल गैंजी स्कूल ने बाजी मारी। जहां जोन में 32 छात्रों ने यह परीक्षा दी। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए



अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए जोन स्तर पर उपहार स्वरूप पेन भेंट किया गया। प्रतियोगिता के पश्चात सभी शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों में ज्ञान, प्रतिस्पर्धा की भावना और कौशलों का विकास होता है। जोन प्रभारी रामकुमार साहू ने जानकारी दी कि, इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आगामी 25 सितम्बर को आयोजित विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता लोरमी मे भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जोन के अंतर्गत आने वाले सेमरसल संकुल से रामकुमार साहू, पठारी कापा से विनोद कुमार जांगड़े, खेकतरा दादन से चंद्रेश कश्यप, रामकुमार कश्यप उपरोक्त सभी संकुल समन्वयको ने अहम भूमिका निभाई।

### किरना साहू संघ के का निर्वाचन, मनीष बने अध्यक्ष

**सरगांव।** शुक्रवार को तहसील साहू संघ परिक्षेत्र किरना का निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र की दस ग्राम पंचायत के निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपनी सहभागिता निभाई। पर्यवेक्षक के रूप में जिला साहू संघ के अध्यक्ष रामखेलावन साहू, पूर्व पर्यवेक्षक धमनी अध्यक्ष चिंताराम साहू एवं नगर अध्यक्ष सरगांव सुखदेव साहू उपस्थित हुए। किरना साहू संघ के अध्यक्ष के रूप में मनीष साहू को नियुक्त किया गया एवं उपाध्यक्ष व्यास नारायण, उपाध्यक्ष कल्याणी बाई को बनाया गया। साथ ही संगठन सचिव केदार साहू, संयुक्त सचिव गोवर्धन साहू, सचिव लिखराम साहू, कोषाध्यक्ष तिजऊ साहू, संरक्षक राजेश साहू को नियुक्त किया गया।

## सीएसआर कॉलेज में मना रासेयो स्थापना दिवस

**करगीरोड कोटा।** सीएसआर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने रासेयो का 56वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं ने राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विक्रम पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका डॉ यामिनी जायसवाल रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रंथपाल डॉ जूही चौहान उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ डीएन शर्मा ने की। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सूरज सोनकर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, लक्ष्य एवं गतिविधियों पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ यामिनी जायसवाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ जूही चौहान ने भी रासेयो के विविध पहलुओं और सामाजिक उपयोगिता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक नृत्य और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। वरिष्ठ स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि नवीन स्वयंसेवकों को डायरी एवं बैज वितरित किए गए। इस दौरान साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण विषयक रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

# डिप्टी सीएम साव ने जनचौपाल में जानी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने माता दुर्गा की पूजा-अर्चना कर ग्राम विचारपुर, पैजनियां, ठरकपुर, सेमरसल, टेलियापुरान, नवागांव-सेमरचुआ, डिंडोल व मसना में जनचौपाल लगा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया एवं उनकी समस्याओं से रूबरू होकर अधिकारियों को तत्काल समाधान के दिशा निर्देश दिए।

■ नौ गांवों के लिए 77 लाख की विकास कार्यो की घोषणा

श्री साव ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली और संपन्नता की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने नौ गांवों में 77 लाख के विकास कार्यों की घोषणा की। श्री साव ने कहा कि, सरकार ने लाखों रुपए के विकास कार्य करके गांवों के सर्वांगीण विकास करने का अपना वादा निभाया है। वहीं महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी सार्थक प्रयास किया जा रहा है। साय सरकार शहरों के साथ गांवों के विकास के लिए कार्य कर रही है। साथ ही महिलाओं को सशक्त करने महतारी वंदन योजना और महतारी सदन बनाकर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रही है।



नवरात्रि के पावन अवसर पर गांव में गायक शिवकुमार तिवारी एवं टीम ने जस गीतों की सुरम्य प्रस्तुति दी। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच संघ अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रीय, विनय साहू, विक्रम सिंह, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, रवि शर्मा, नरोत्तम राजपूत, रामनिवास राठौर, महेंद्र खत्री, रामावतार राजपूत, महाजन जायसवाल, दिनश साहू, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू, लेखराज सिंह ठाकुर, दिनेश कश्यप, घनशु राजपूत, तामेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**चलाया गया सफाई अभियान**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर पालिका लोरमी में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चला कर शहर की सफाई की गई। इस दौरान नगर पालिका लोरमी स्थित महामाया मंदिर से लेकर 50 बिस्तर अस्पताल तक सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी अभियान में शामिल हुए और श्रमदान किया। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने आमजनों को स्वच्छता को अपनाने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन में उप मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, गंदगी नहीं करने तथा दूसरों को भी गंदगी करने से रोकने आदि की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**सरकार आदिवासियों के हित में लगातार कर रही कार्य**

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आदि कर्मयोगी एवं आदि सहयोगियों की बैठक लेकर ग्राम विकास की दिशा में योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि, आदिवासी सरकार आदिवासियों के हित में लगातार कार्य कर रही है। योजना बनाने बस से काम नहीं होने वाला, योजना का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले, तब योजना की सार्थकता होगी। उन्होंने बताया कि भविष्य की जरूरतों के अनुसार योजनाओं को गंभीरता से बनाने और माइक्रोप्लानिंग के माध्यम से वर्ष 2030 तक गांव की तस्वीर बदलने का लक्ष्य है। इस अभियान का उद्देश्य है कि, आने वाले 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाएं। विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।